संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 257
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
शनिवार 21 नवम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



माफिया के बाद अब नशे के सौदागरों को करेंगे तबाह

सीएम ने किया बड़े अभियान का ऐलान

गोरखपुर, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माफिया और संगठित अपराध पर प्रभावी कार्रवाई के बाद अब प्रदेश सरकार नशे के सौदागरों को तबाह करेगी। इसके लिए निर्णायक अभियान शुरू होगा। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और अपनी ऊर्जा शिक्षा, कौशल व रोजगार पर लगाने का आह्वान किया। सपा के जुलूस के मसूम की हत्या का जिक्र करते हुए चेतावनी दी कि चुनाव के समय बिलों से निकलकर अराजकता फैलाने वाले सपा के गुंडों को कुचल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को गोरखपुर में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के दूसरे चरण के तहत आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज के 50 हजार से अधिक



छात्र–छात्राओं व प्रशिक्षणार्थियों को टैबलेट वितरण की शुरुआत की। 23 विद्यार्थियों को उन्होंने स्वयं टैबलेट दिए। मुख्यमंत्री ने दो दिन पहले गोरखपुर में सपा के जुलूस के दौरान दसवीं के छात्र की मौत का जिक्र करते हुए घटना को प्रदेश की पहचान पर काला धब्बा बताया। उन्होंने कहा कि अपनी छोटी बहन को स्कूल से लेने जा रहा छात्र चौरी–चौरा के क्रांतिकारी पूजन सिंह का प्रपौत्र था। योगी ने कहा कि चुनाव के समय बिलों से निकलकर अराजकता फैलाने वाले तत्वों को पूरी तरह कुचल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल स्किलिंग एंड एंप्लॉयमेंट जोन बनाया जाएगा। यहां जापानी और जर्मन भाषा समेत विभिन्न कौशल का प्रशिक्षण देकर युवाओं को देश–विदेश की कंपनियों से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में नौकरियों की कोई कमी नहीं है। सरकार पारदर्शी और

- **प्रदेश में नौकरियों की कोई कमी नहीं**
- **फीड नहीं, फ्यूचर स्क्रॉल करें युवा**

निष्पक्ष तरीके से युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा रही है। 8 हजार लेखपाल, 32 हजार पुलिसकर्मी और 42 हजार से अधिक होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब 26 जनवरी तक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले भर्ती परीक्षाओं में 'मुन्ना भाई' और 'सैफई सिंडिकेट' का बोलबाला था, लेकिन अब टैलेंट के आधार पर तेजी से नियुक्तियां हो रही हैं। योगी ने कहा कि युवा फीड नहीं, फ्यूचर स्क्रॉल करें। रील देखने में 30 सेकंड लगाने के बजाय स्किलिंग पर तीन घंटे दें।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी का एक्शन, पूर्व विधायक नायक और उनकी कंपनी के ठिकानों पर छापेमारी

हैदराबाद। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को तेलंगाना की पूर्व विधायक अजमेरा रेखा नायक द्वारा प्रचारित एक कंपनी के आवासीय और कार्यालय परिसरों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई 40 करोड़ रुपये मूल्य के सरकारी धान के भंडार के कथित गबन से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में की गई। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत तेलंगाना के निर्मल जिले में की गई इस कार्रवाई के दौरान अब तक करीब 30 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। हालांकि, नकदी की बरामदगी किस स्थान से हुई, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं है। नायक पहले खानापुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। ईडी का मामला अगस्त में नायक और उनकी स्वामित्व वाली फर्म एआरएस इंडस्ट्रीज के खिलाफ राज्य पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी से जुड़ा है। प्राथमिकी में 40.96 करोड़ रुपये मूल्य के सरकारी धान के भंडार के साथ धोखाधड़ी करने और उसका गबन करने का आरोप लगाया गया है।

एससीओ सभ्यता संवाद: पीएम मोदी ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

- **संगठन का प्रमुख उद्देश्य आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद जैसी चुनौतियों से मिलकर मुकाबला करना**



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एससीओ सभ्यता संवाद के दौरान आयोजित प्रदर्शनी का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय परंपरा, संस्कृति और विरासत से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों को देखा। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में 10 पूर्ण सदस्य देश शामिल हैं, जो दुनिया की करीब 42 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। संगठन का प्रमुख उद्देश्य आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद जैसी चुनौतियों से मिलकर मुकाबला करना है। एससीओ सभ्यता संवाद का आयोजन सदस्य देशों के बीच सभ्यताओं, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को साझा करने तथा आपसी समझ बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। इस संवाद का प्रस्ताव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखा था।

पीएम मोदी को दिखाई गई 2,100 साल पुराने इतिहास की झलक

प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेजर तकनीक के माध्यम से पुराने किले की खुदाई और दिल्ली के करीब 2,100 साल पुराने इतिहास की झलक दिखाई गई। अस्तित्व नाम की इस विशेष प्रदर्शनी में 10×10 मीटर के खुदाई स्थल को केंद्र में रखा गया है। लेजर इफेक्ट के जरिए खुदाई में मिले पुरातात्विक साक्ष्यों और अलग–अलग ऐतिहासिक कालखंडों की जानकारी प्रस्तुत की गई। यहां मौर्य काल से मुगल काल तक के अवशेषों के साथ चित्रित धूसर मृदभांड (पेंटेड ग्रे वेयर), 1328 ईस्वी का संस्कृत शिलालेख भी प्रदर्शित किया गया है, जिसमें दिल्ली का उल्लेख इंद्रप्रस्थ के रूप में मिलता है। इसके अलावा, अश्वमेध यज्ञ को दर्शाने वाली कलाकृति, कुषाण काल के चार कमरों वाले मकान का मॉडल और प्राचीन व्यापारियों के सिक्के भी प्रदर्शनी का हिस्सा हैं। इसका उद्देश्य भारत की प्राचीन सभ्यता, इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने प्रस्तुत करना है।

सीएम योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी का निधन, पैतृक गांव पहुंचे

आज होगा अंतिम संस्कार

देहरादून, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी का आज 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने शुक्रवार सुबह 11 बजे पौड़ी गढ़वाल जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित अपने पैतृक गांव पंचूर में अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से परिवार, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों



में शोक है। जानकारी के अनुसार, शनिवार को हरिद्वार में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। खबर मिलते ही सीएम योगी पैतृक गांव पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपनी मां से आखिरी मुलाकात इसी साल मई में हुई थी। वह अपने दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर 7 मई को पैतृक गांव पंचूर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने गांव में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और परिजनों से मुलाकात की। 8 मई को कार्यक्रमों के बाद वह अपने पैतृक आवास पहुंचे, जहां उन्होंने मां सावित्री देवी का आशीर्वाद लिया था। सीएम योगी का अपने पैतृक गांव और परिवार से गहरा जुड़ाव रहा है। हालांकि, संन्यास लेने के बाद उनकी पारिवारिक मुलाकातें सीमित रही हैं। इस साल मई में मां से हुई यह मुलाकात उनकी आखिरी मुलाकात बन गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी के निधन के बाद उनके सभी पूर्व निर्धारित

कांग्रेस की सरकार होती तो पुतिन, ट्रंप, जिनपिंग के साथ भारतीय प्रधानमंत्री भी होते-राहुल



नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने APEC शिखर सम्मेलन की एक तस्वीर के बहाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने पीएम मोदी को समझौता करने वाला प्रधानमंत्री करार दिया। साथ ही यह भी कहा कि अगर आज केंद्र में कांग्रेस की सरकार होती तो भारत का प्रधानमंत्री इन तीनों देशों के साथ इस टेबल पर बैठा होता। आपको बता दें कि राहुल गांधी ने जो तस्वीर शेयर की है उसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जी3 के एक मेज पर बात करते हुए दिखे रहे हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, अगर कांग्रेस सत्ता में होती तो भारत के प्रधानमंत्री भी इस शक्तिशाली समूह का हिस्सा होते। एक ऐसा प्रधानमंत्री जो समझौता कर लेता है, वह कभी इस मेज पर नहीं बैठ सकता। आपको बता दें कि 19 नवंबर को चीन के शेनझेन में APEC शिखर सम्मेलन के दौरान डोनाल्ड ट्रंप, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात हुई। इस शिखर वार्ता में दुनिया के विभिन्न देशों के बीच जारी युद्धों और परमाणु हथियारों के जखीरे को कम करने के प्रयासों पर चर्चा हुई। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में कहा है कि उनकी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजनीतिक विचारधारा को ध्वस्त कर दिया है और इसका असर अगले आठ महीनों में दिखाई देगा। बुधवार को शिकागो विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान गांधी ने दावा किया कि भाजपा का आंतरिक ढांचा ढह चुका है और सरकार के मंत्री विपक्ष के संपर्क में हैं तथा उसके साथ जानकारी साझा कर रहे हैं। राहुल गांधी ने प्रोफेसर रॉबर्ट पेप की अध्यक्षता में हुई बातचीत के दौरान कहा, हमने आज भारत में राजनीतिक रूप से भाजपा की विचारधारा को मूल रूप से ध्वस्त कर दिया है। यह खत्म हो चुकी है।ष उन्होंने कहा कि असंगठित छात्रों के एक समूह ने भाजपा के सरकारी तंत्र पर नियंत्रण को कमजोर कर दिया। उन्होंने कहा, कृपया ध्यान दें कि भारत में पूरा प्रशासनिक तंत्र भाजपा के नियंत्रण में है। पुलिस, खुफिया तंत्र, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस), नौकरशाही, सब कुछ उनके नियंत्रण में है।

महिला को शादी का झांसा देकर यौन शोषण, ब्लैकमेल करने वाले मोहम्मद माजिन को यूएई से भारत लाया गया

नयी दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने विदेश मंत्रालय (एमईए), गृह मंत्रालय (एमएचए) और महाराष्ट्र पुलिस के साथ मिलकर रेड नोटिस वाले आरोपी मोहम्मद माजिन को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत वापस लाने (डिपोर्टेशन) में सफलता हासिल की है। सीबीआई के अनुसार, मोहम्मद माजिन महाराष्ट्र पुलिस द्वारा दर्ज एक मामले में वांछित था। उसने पीड़िता को शादी का झूठा झांसा देकर अपने जाल में फंसाया, उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसका शारीरिक, मानसिक तथा आर्थिक शोषण किया। इसमें उससे ध ोखे से 18 लाख रुपए ऐंठना भी शामिल है। इस मामले में अदालत के समक्ष चार्जशीट पहले ही दाखिल की जा चुकी है। जांच में यह भी सामने आया कि उसने इसी तरह शादी का झांसा देकर 13 अन्य महिलाओं का भी शोषण किया, उनसे पैसे लिए और उनके साथ अंतरंग पलों के वीडियो भी बनाए।

बृजभूषण शरण सिंह ने राउज एवेन्यू कोर्ट की सेशन कोर्ट में जवाब दाखिल किया, महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का मामला

नयी दिल्ली,एजेंसी। महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट से बरी किए जाने के खिलाफ दायर अपील के मामले में भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने राउज एवेन्यू कोर्ट की सेशन कोर्ट में अपना जवाब दाखिल कर दिया है। अदालत ने अपीलकर्ता महिला पहलवानों की ओर से दलीलें सुनने के लिए 27 और 28 नवंबर की तारीख तय की है। वहीं, कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह की ओर से दलीलें सुनने के लिए 5 और 9 दिसंबर की तारीख तय की है। चार महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर को यौन उत्पीड़न के मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट से बरी किए जाने के फैसले को सेशन कोर्ट में चुनौती दी है। तोमर को आपराधिक धमकी के आरोप में बरी किए जाने के फैसले को चुनौती दी गई है। अपील करने वालों ने कहा है कि ट्रायल कोर्ट का फैसला कानून के हिसाब से टिकने लायक नहीं है और रिकॉर्ड में मौजूद सबूतों का सही तरीके से आकलन नहीं किया गया है। 3 अगस्त को दिए गए फैसले में एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अश्विनी पंवार ने सिंह और तोमर को बरी कर दिया, यह कहते हुए कि प्रॉसिक्यूशन उनके खिलाफ आरोपों को बिना किसी शक के साबित करने में नाकाम रहा है। यह मामला जनवरी 2023 का है, जब ओलंपियन विनेश फोगट, साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया समेत कई पहलवानों ने दिल्ली के जंतर–मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया था, जिसमें सिंह पर सेक्सुअल हैरेसमेंट और धमकी देने का आरोप लगाया गया था। पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई चीफ के पद से सिंह के इस्तीफे की मांग की थी और फेडरेशन को खत्म करने की मांग की थी। इस विवाद के बाद इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने एक जांच कमेटी बनाई। इसके बाद केंद्रीय खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई के कामकाज को निलंबित कर दिया। मई 2024 में, राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न और पांच महिला पहलवानों के सम्मान को ठेस पहुंचाने के संबंध में आरोप तय किए।

संजना जाटव और दिव्या मदेरणा को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव पद से हटाया गया

राजस्थान के लिए 4 नए सह-प्रभारी नियुक्त

जयपुर, एजेंसी। कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान में अपनी संगठनात्मक टीम में फेरबदल किया है। पार्टी ने मौजूदा तीनों सह–प्रभारी सचिवों को हटाकर इन पदों पर चार नए नेताओं को नियुक्त किया है। राजस्थान के छह नेताओं को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है, जबकि भरतपुर की सांसद संजना जाटव, पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा और विजय जांगिड़ सहित तीन अन्य नेताओं को उनके पदों से हटा दिया गया है। राजस्थान कांग्रेस के मौजूदा तीन सह प्रभारी सचिव चिरंजीव राव, ऋतिक मकवाना और पूनम पासवान को भी उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है। कांग्रेस ने चार राष्ट्रीय सचिव विश्व विजय सिंह, पलक वर्मा, मनोज बागड़ी



और पोरलाक खार्ते को राजस्थान के लिए नया सह–प्रभारी सचिव नियुक्त किया है। राजस्थान के छह नेताओं को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है और उन्हें अलग–अलग राज्यों में संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इनमें हेम सिंह शेखावत (गुजरात), धीरज गुर्जर (जम्मू–कश्मीर), दानिश अबरार (दिल्ली), जगदीश जांगिड़ (उत्तर प्रदेश), डूंगर राम गेदार (मणिपुर, त्रिपुरा और सिक्किम) और रेहाना रियाज (महाराष्ट्र) शामिल हैं। यह पहली बार है जब हेम सिंह शेखावत और डूंगर राम गेदार को इस स्तर की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इससे पहले पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा जम्मू–कश्मीर के लिए पार्टी के संगठनात्मक कार्यों में सह–प्रभारी सचिव के रूप में जिम्मेदारी संभाल रही थीं। संजना जाटव, दिव्या मदेरणा और विजय जांगिड़ को हटाए जाने के बाद राजस्थान के राजनीतिक हलकों में चर्चाएं शुरू हो गई हैं। यह संगठनात्मक फेरबदल कांग्रेस नेतृत्व की उस बड़ी कवायद का हिस्सा है, जिसके तहत वे अपनी टीमों का पुनर्गठन कर रहा है और विभिन्न राज्यों में पार्टी नेताओं को नई जिम्मेदारियां सौंप रहे हैं।

नहीं रहे कांग्रेस के दिग्गज नेता फूल चंद मुलाना,

बड़े नेताओं ने जताया शोक

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी फूल चंद मुलाना का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वे 85 साल के थे और किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। उनका मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके निधन पर नेताओं ने दुख जताया है। हरियाणा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, हमारे अजीज साथी, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं हमारी कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे चौ. फूल चंद मुलाना के निधन का समाचार सुनकर अत्यंत आहत हूं। प्रदेश के विकास में उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। उनके जाने से



मुझे निजी क्षति हुई है और मैंने अपना एक अनमोल व कर्मठ सहयोगी खो दिया है। दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि। ईश्वर शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने का संबल प्रदान करें। कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी फूलचंद मुलाना के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उनका निधन कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। मेरी गहरी संवेदनाएं उनके पुत्र एवं सांसद वरुण चौधरी सहित समस्त शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं परिजनों को संबल प्रदान करें। कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोशल मीडिया पर लिखा, हरियाणा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व मंत्री, फूल चंद मुलाना के निधन की खबर से दिल व्यथित है। हरियाणा में कांग्रेस पार्टी के लिए ये भारी क्षति है। समाज के वंचितों के लिए उनका योगदान सदा स्मरण किया जाएगा। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने एक्स पोस्ट में लिखा, हमारे प्रधान जी हमसे दूर चले गए! हमारे परिवार के बड़े, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व मंत्री और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष चौ. फूल चंद मुलाना के निधन की खबर दुखद है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सादगी के साथ जनसेवा में समर्पित कर दिया। प्रदेश के विकास में उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा।

संपादकीय

सोना कितना सोना

भारत में सदियों से सोने का सम्मोहन रहा है। हमारे लिये यह सोना महज कीमती धातु ही नहीं है बल्कि हम सबके संस्कारों, रीति–रिवाजों और धार्मिक अनुष्ठानों का हिस्सा रहा है। मौजूदा दौर में यह लाखों परिवारों के लिये एक निवेश और वित्तीय सुरक्षा का जरिया भी है। माना जाता है कि सोना संकट का साथी है। इसलिये, सोने के आभूषणों की शुद्धता के मामले में कोई समझौता स्वीकार्य नहीं हो सकता है। लेकिन नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग के ऑडिट के शुरुआती निष्कर्षों ने श्ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्सश यानी बीआईएस की निगरानी प्रणाली में गंभीर खामियों को उजागर किया है। निस्संदेह, यह एक ऐसी चेतावनी है, जिसे नियामक भी अनदेखी नहीं कर सकते। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के ऑडिट के शुरुआती निष्कर्षों से पता चलता है कि पिछले पांच वर्षों में अस्सी फीसदी से अधिकृत पंजीकृत जौहरियों की जांच न कर पाना विडंबना ही है। इसके साथ ही हॉलमार्किंग केंद्रों के अनिवार्य ऑडिट में 43.7 फीसदी की कमी होना नियामक संस्था के अपने कर्तव्यों की पालना में गंभीर लापरवाही को ही दर्शाता है। यह बात भी बेहद चिंताजनक है कि प्रवर्तन कार्रवाई, कानूनी मुकदमों और दंडात्मक कार्रवाई के कोई व्यवस्थित रिकॉर्ड नहीं रखे गये हैं। जो नियामक संस्था नियमों के पालन की ठीक से निगरानी नहीं कर सकती अथवा नियमों के उल्लंघन पर नजर नहीं रख सकती, निश्चित रूप से वह पूरी निगरानी प्रणाली की विश्वसनीयता को ही कमजोर कर देती है। दूसरे शब्दों में कहें तो वह उपभोक्ताओं की रक्षा करने की जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर पायी है। वहीं दूसरी ओर रेनियम की कथित मिलावट की जांच, जो संभवतरू नियमित शुद्धता परीक्षाओं की जांच में पकड़ में नहीं आ पायी थी, इस बात को ही उजागर कर देती है कि सही मायने में केवल मौजूदा परीक्षण विधियों पर निर्भर रहने की अपनी सीमाएं हैं। जो जांच के तौर–तरीकों में बदलाव की जरूरत को बताता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सोने को लेकर ग्राहकों के विश्वास को हर कीमत पर बनाये रखना लाजिमी है। जांच परीक्षण में सोने की शुद्धता स्पष्ट न होना हालांकि एक अलग मामला है, लेकिन इससे यह अंतिम निष्कर्ष भी नहीं निकाला जा सकता है कि सोने में बड़े पैमाने पर मिलावट हो रही है। लेकिन इतना जरूरी है कि सोने को गुणवत्ता की कसौटी पर खरा उतारने के लिये जांच के लिये अधिक उन्नत परीक्षण किया जाना चाहिए। इसके साथ ही गुणवत्ता के मानकों के निर्धारण के लिये स्वतंत्र सत्यापन की आवश्यकता भी महसूस की जा रही है। देश में नियामक संस्था के लिये मैनपॉवर की कमी नहीं है। वहीं दूसरी ओर भौगोलिक बाधाओं को अपर्याप्त निगरानी के लिये स्थायी बहाना नहीं बनाया जा सकता है। 'ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स' को अपनी निरीक्षण क्षमता को निश्चित रूप से मजबूत व पारदर्शी करना चाहिए। यदि उन्नत टेस्टिंग वाली तकनीक को अपनाया जाता है तो लोगों का व्यवस्था पर भरोसा कायम होगा। सही मायने में श्ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्सश को जोखिम–आधारित निगरानी प्रणाली लागू करनी चाहिए। साथ ही सख्त जवाबदेही सुनिश्चित करने की जरूरत है। इसके अलावा थर्ड–पार्टी ऑडिट और विकेंद्रीकृत निगरानी व्यवस्था से भी कवरेज में सुधार किया जा सकता है। सही मायने में उपभोक्ताओं को 'बीआईएस केयर' ऐप के जरिये बीआईएस हॉलमार्क और छह अंकों वाले हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन यानी एचयूआईडी कोड की जांच जरूर करनी चाहिए। यह भी कि उपभोक्ता हमेशा प्रतिष्ठित ज्वैलर्स से ही सोने के आभूषण खरीदें। साथ ही उपभोक्ता को सुनार से विस्तृत बिल की मांग भी करनी चाहिए। सही मायने में, हॉलमार्किंग सोने के आभूषण पर लगा महज एक ठप्पा मात्र नहीं है। बल्कि यह सोने की शुद्धता का वायदा भी है। दूसरे शब्दों में कहें तो हॉलमार्क को कड़े निरीक्षण, पारदर्शी प्रवर्तन और भरोसेमंद टेस्टिंग का संबल मिलना चाहिए। सही अर्थों में इन सुरक्षा मानकों के अनुपालन के बिना, नियामक ढांचा कभी भी सोने जितना खरा होने का दावा नहीं कर पाएगा।

आर्थिक संकट का सच

डॉ. दीपक पाचपोर

देश अगर वाकई तेज आर्थिक वृद्धि के पथ पर रहता तो मोदी को ऐसी अपील करने की जरूरत ही नहीं पड़ती। मोदी ने आर्थिक संकट की बात कही तो उसे समझदारी भरी सलाह कहा गया और वही बात राहुल ने दूसरे तरीके से बता दी तो भाजपा को बुरा लग गया।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी जब भी विदेश यात्रा पर जाते हैं भाजपा का रक्तचाप बढ़ जाता है। राहुल गांधी अगर निजी यात्रा पर जाते हैं तो भाजपा की मांग रहती है कि वो अपनी निजता को छोड़ सार्वजनिक तौर पर बताएं कि वो कहां जा रहे हैं, क्यों जा रहे हैं और किससे मिल रहे हैं। हालांकि सरकार भाजपा की ही है तो उसे पता रहता है कि राहुल गांधी कब जा रहे हैं, किस फ्लाइट से जा रहे हैं, कहां जा रहे हैं, कब लौट रहे हैं आदि। लेकिन फिर भी बात का बतंगड़ बनाने के लिए वह ये सवाल उठाती है। वहीं राहुल गांधी जब बतौर नेता प्रतिपक्ष विदेश यात्रा पर जाते हैं, तब तो भाजपा की तकलीफ और ज्यादा बढ़ जाती है। क्योंकि तब राहुल वैश्विक मंचों से अपनी बात रखते हैं। अभी अमेरिका की कोलम्बिया और शिकागो यूनिवर्सिटी में चर्चा और व्याख्यान के लिए राहुल गांधी को बुलाया गया था। दोनों ही जगह उन्होंने छात्रों से और समाज के अन्य तबकों के प्रतिनिधियों से खुली चर्चा की। लोकतंत्र, भारत में चुनाव चोरी, एसआईआर की गड़बड़ियां, जेन जी आंदोलन, दिल्ली का बढ़ता प्रदूषण, बेरोजगारी, महंगाई तमाम मुद्दों पर उन्होंने खुल कर अपनी बात रखी। 17 नवंबर को न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया यूनिवर्सिटी में अपने संबोधन के दौरान राहुल गांधी ने भारतीय अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी और लोकतांत्रिक संस्थाओं को लेकर जो बयान दिए, उन पर देश में राजनीतिक विवाद शुरू हो चुका है। दरअसल राहुल गांधी ने कहा था कि भारत एक श्आर्थिक आपदाश की कगार पर है और देश में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी व शिक्षा व्यवस्था की गंभीर समस्याएं हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत का आर्थिक मॉडल करीब एक दशक पहले ही नतीजे देना बंद कर चुका है और इसी क्रम में राहुल ने मेक इन इंडिया तथा स्टार्ट–अप इंडिया जैसी योजनाओं की सफलता पर सवाल उठाए। राहुल ने कहा कि एक के बाद एक मोदी की सारी योजनाएं विफल साबित हुई हैं। क्योंकि देश में विनिर्माण क्षेत्र उस स्तर पर नहीं पहुंचा है, जहां बड़ी संख्या में रोजगार पैदा हो सकें। कांग्रेस ने आर्थिक विकास का जो मॉडल बनाया था, जिसमें लघु और मध्यम उद्योगों, कृषि, सार्वजनिक निकायों आदि के लिए जो दीर्घकालिक योजनाएं बनाई जाती थीं, वो अब खत्म हो गया है। उन्होंने उद्योग और व्यापार में एकाधिकार होने पर भी चिंता जताई। राहुल ने इस मुद्दे को भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचना से जोड़ा। उनका कहना था कि अगर आर्थिक विकास का लाभ समाज के बड़े हिस्से तक नहीं पहुंचता और छोटे कारोबार कमजोर होते हैं तो रोजगार तथा आर्थिक अवसरों का संकट बना रहेगा। राहुल गांधी ने कोई ऐसी बात नहीं कही जो वे पहले भारत के मंचों से न कह चुके हों। संसद से लेकर चुनावी सभाओं या छात्रों की गूंज जैसे कार्यक्रमों में राहुल जहां भी जाते हैं, वे इस बात पर लोगों को आगाह करते हैं कि मोदी सरकार ने निजीकरण के नाम पर सब कुछ केवल दो लोगों मुकेश अंबानी और गौतम अडानी को सौंप दिया है। राजनीति की तरह व्यापार में भी सबको समान अवसर से वंचित किया जा रहा है, जिस वजह से न केवल आम आदमी के लिए आर्थिक संकट बढ़ा है, बल्कि छोटे–मध्यम कारोबारियों की तकलीफें भी बढ़ी हैं। अपनी इन्हीं बातों को राहुल गांधी ने विदेश के मंचों से कह दिया तो अब भाजपा हाय तौबा मचा रही है। भाजपा का कहना है कि वैश्विक आंकड़े भारत की तेज आर्थिक वृद्धि दिखाते हैं, जबकि नेता प्रतिपक्ष देश को नकारात्मक रूप में पेश कर रहे हैं। भाजपा की तरह ही गोदी मीडिया ने भी अपने प्राइम टाइम को इसी चर्चा के लिए सुरक्षित कर लिया कि राहुल गांधी विदेश जाकर भारत का अपमान क्यों करते हैं। भाजपा के लिए राहुल पर हमले करने का शायद यह सबसे आसान तरीका है। लेकिन जो पत्रकार भाजपा के एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए ऐसी चर्चाएं करवा रहे हैं, क्या उन्हें नहीं पता कि सोशल मीडिया के कारण अब दुनिया के किसी भी मंच से कोई भी बात कही जाए, वह तुरंत एक कोने से दूसरे कोने में पहुंचती है। राहुल दिल्ली में आर्थिक बर्बादी की बात करें या न्यूयॉर्क में, एक ही बात है। जब प्रधानमंत्री मोदी ने खुद लोगों से किफायत बरतने, सोना न खरीदने, गाड़ी छोड़ सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने और साल भर तक विदेश न जाने की अपील लोगों से की थी, क्या उसे दुनिया के बाकी लोगों ने नहीं सुना होगा। देश अगर वाकई तेज आर्थिक वृद्धि के पथ पर रहता तो मोदी को ऐसी अपील करने की जरूरत ही नहीं पड़ती। मोदी ने आर्थिक संकट की बात कही तो उसे समझदारी भरी सलाह कहा गया और वही बात राहुल ने दूसरे तरीके से बता दी तो भाजपा को बुरा लग गया। कायदे से उसे बुरा इस बात पर लगना चाहिए कि सत्ता के बारह सालों में वह महंगाई और बेरोजगारी का उपाय नहीं निकाल पाई है, जिससे साधारण जनता बुरी तरह जूझ रही है। नौकरियां न मिलने के कारण लोग गिग वर्कर्स बन रहे हैं, डिग्री हासिल किए युवा तरह–तरह की कुंठाओं का शिकार हो रहे हैं। त्योहार के वक्त भी लोगों को महंगाई से निजात नहीं मिली। क्या यह सब भाजपा को दिखाई नहीं दे रहा। अगर आर्थिक वृद्धि होती तो उसकी खुशहाली आंकड़ों में ही नहीं जमीन पर भी दिखाई देती।

आधुनिक भारत और नेहरू, गांधी परिवार की विरासत

राजेश पांडेय

इन दिनों नेहरू–गांधी परिवार सुर्खियों में है। सोनिया गांधी की किताब–श्बिलॉन्गिंगरू ए जर्नी ऑफ लवश से जुड़ी हलचल ने लोगों का ध्यान परिवार की तरफ खींचा है। पेंगुइन के टालमटोल के बाद नए प्रकाशक ने किताब छापने का फैसला किया। उस वक्त बताया गया कि किताब की एक लाख प्रतियां प्रकाशित की जाएंगी। 16 नवंबर को नई दिल्ली में लॉन्चिंग पर प्रकाशक हार्पर कॉलिन्स इंडिया के सीईओ अनंत पद्मनाभन ने बताया कि एक सप्ताह में पुस्तक की दो लाख प्रतियां बिक चुकी हैं। पश्चिमी देशों में किसी पुस्तक की दस–बीस लाख प्रतियां बिकना बड़ी बात नहीं है। भारत में किताबें पढ़ने में लोगों की दिलचस्पी ज्यादा नहीं है। इसलिए यह संख्या हैरान करती है। किताब खरीदने वाले लोगों में बड़ी संख्या कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं की भी होगी। फिर भी, किसी शख्सियत के संस्मरण या आत्मकथ्य के प्रति लोगों की उत्सुकता पहले कभी इतनी ज्यादा नहीं देखी गई थी। सोनिया की किताब पर उठी चर्चा के कई कारण हैं। पेंगुइन के टालमटोल के बाद मीडिया में अनुमान लगाए गए। अखबारों ने किताब के अंशों का प्रकाशन शुरू कर दिया। अभी हाल के वर्षों में किसी किताब के इतने ज्यादा अंश मीडिया में नहीं आए हैं। किताब पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की प्रतिक्रिया ने भी लोगों की उत्सुकता जगाई है। यों भी, बीते 12–13 वर्षों से नेहरू–गांधी परिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के निशाने पर हमेशा रहता है। कांग्रेस के कार्यकर्ता जवाहर लाल नेहरू को जितना याद नहीं करते हैं, उससे ज्यादा तो भाजपा के नेता उनका नाम लेते हैं। मोदी ने संसद में कई बार नेहरू पर तीखे प्रहार किए हैं। उनके कथनों, आर्थिक नीतियों, विदेश नीति की कड़ी आलोचना की गई है। नेहरू के खिलाफ सुनियोजित अभियान चलाया गया है। बयानों के अलावा मीम्स, ट्रोल्स के जरिये उनका उपहास उड़ाया जाता है। भारत की तमाम सामाजिक, आर्थिक समस्याओं के लिए उन्हें दोषी ठहराया जाता है। नेताओं के अलावा अर्थशास्त्रियों, विश्लेषकों और विद्वानों की फौज नेहरू की नीतियों की समीक्षा करती है। इतिहास के हर दौर में राजनेताओं और समाज को प्रभावित करने वाली हस्तियों, संगठनों के कामकाज, फैसलों का मूल्यांकन होता है। उनके सही, गलत निर्णयों और उपलब्धियों की वस्तुनिष्ठ समीक्षा होती है। ऐसा होना भी चाहिए। इससे भविष्य के लिए नई दिशा मिलती है। लेकिन, नेहरू,गांधी खानदान की आलोचना के मामले में बहुत बार ऐसा नहीं हो रहा है। आधुनिक भारत में सत्ता पर लंबे समय तक रहने वाले परिवार के मामले में अलग मापदंड अपनाए गए हैं। अब निशाने पर सबसे अधिक राहुल गांधी हैं। उन्हें पप्पू, नामदार, शहजादे, अपरिपक्व सहित कई अन्य उपाधियों से विभूषित किया गया है। उन्हें देश विरोधी बताया जाता है। राहुल की विदेश यात्राओं से पहले उनके खिलाफ भाजपा के बयान आने लगते हैं। राहुल के कुछ बयान असहज करते हैं। लेकिन अब उनमें परिपक्वता नजर आती है। उनके साथ एक समृद्ध राजनीतिक परिवार की विरासत जुड़ी है। उन्हें अच्छा लॉन्च पैड मिला था। उन्होंने अपनी सक्रियता और चुनाव प्रक्रिया में धांधली जैसे मुद्दों को उठाकर एक मजबूत और असरदार विपक्षी नेता के रूप में अलग पहचान बना ली है। सोनिया की किताब में लोगों की दिलचस्पी केवल सोनिया के कारण नहीं है। भारत के इतिहास में नेहरू, गांधी परिवार की अमिट छाप को भुलाना मुश्किल है। स्वाधीनता संग्राम और फिर आजादी के बाद देश की सार्वजनिक गतिविधियां इस परिवार के आसपास केंद्रित रही हैं। खानदान में दो व्यक्तित्व सबसे अहम हैं। एक हैं– जवाहर लाल नेहरू और दूसरी हैं–उनकी बेटी इंदिरा गांधी। भारत के वर्तमान स्वरूप में नेहरू की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। आधुनिक भारत की स्थिति पर गौर करते हुए नेहरू के योगदान को नहीं भूलना चाहिए। नई पीढ़ी शिक्षा, साइंस, टेक्नालॉजी, रिसर्च, मेडिकल साइंस, आईटी, कृषि, औद्योगिक विकास सहित कई क्षेत्रों में भारत की तेज रफ्तार को महसूस करती है। उसके पीछे नेहरू की सोच, दृष्टि और कल्पना मौजूद है। आजादी के संग्राम में साढ़े नौ वर्ष तक जेल में रहे नेहरू ने विकास के सभी पहलुओं को ध्यान में रखा था। उनके दौर में सार्वजनिक क्षेत्र में 50 से अधिक बड़े संस्थानों की नींव रखी गई। इनमें कुछ प्रमुख हैं, जीवन बीमा निगम, तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग, इंडियन ऑयल, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, हिंदुस्तान मशीन टूल्स। शिक्षा, कला, संस्कृति की तरफ भी उनका झुकाव था। कई संस्थाएं उनके बहुआयामी व्यक्तित्व की तस्वीर पेश करती हैं। संगीत नाटक अकादमी, साहित्य अकादमी, ललित कला अकादमी, नेशनल म्यूजियम, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, फिल्म इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया जैसे संस्थानों ने उनकी पहल से आकार लिया। नेहरू के सपनों का संसार अंतरिक्ष की ऊंचाइयों से होड़ करता था। उन्हें विरासत में गरीब और समस्याग्रस्त देश मिला था। विभाजन की विभीषिका ने देश के मानस पर गहरे जख्म किए थे। उन्होंने ऐसे समय में देश के घावों पर मरहम रखने के साथ उसकी तरक्की का योजनाबद्ध अभियान हाथ में लिया। भाखड़ा नंगल बांध की शुरुआत करते हुए नेहरू ने उसे आधुनिक भारत का तीर्थ कहा था। नेहरू ने भाखड़ा से साथ हीराकुंड, नागार्जुन सागर, दामोदर वैली, रिहंद बांध, तुंगभद्रा, कोसी और चंबल जैसी बांध योजनाओं को धरातल पर उतारा। नेहरू की दृष्टि तरक्की के हर क्षितिज को स्पर्श करती है। अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और एम्स के साथ उनकी प्राथमिकता में नेशनल बुक ट्रस्ट, यूजीसी और एनसीईआरटी भी थे। भारत ने आज आईटी, फार्मास्युटिकल्स और ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में खास पहचान बनाई है। इन सबके पीछे नेहरू के अनंत सपनों की दुनिया है। गूगल के सुंदर पिचई जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों की दिग्गज हस्तियां भारत के आईआईएम, आईआईटी की देन हैं। कुछ साल पहले देश में स्मार्ट सिटी की बहुत चर्चा थी। नेहरू ने चंडीगढ़ के रूप में देश के सामने स्मार्ट सिटी की परिकल्पना पेश कर दी थी। नेहरू के दौर में भारत गरीब था। फिर भी, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उसकी आवाज बहुत प्रभावशाली थी। दो महाशक्तियों अमेरिका और सोवियत संघ की तनातनी के बीच नेहरू और बाद में इंदिरा गांधी ने भारत की गुटनिरपेक्ष छवि को बनाए रखा। 1962 के युद्ध में चीन से अपमानजनक पराजय के लिए नेहरू को दोषी ठहराया जाता है। कई विशेषज्ञ कहते हैं, चीन के प्रति उनका रवैया नरम था। दूसरी ओर नेहरू के समय खुफिया एजेंसी इंटेलिजेंस ब्यूरो के डायरेक्टर रहे भोलानाथ मलिक इस धारणा को गलत बताते हैं। मलिक ने अपने संस्मरणों में दावा किया है कि नेहरू की पहल पर भारत ने चीन से लगी सीमा पर उन सभी क्षेत्रों में चौकियां बनवाई थीं जिन पर भारत दावा करता था। मलिक के अनुसार चीनी हमले के समय नेहरू ने तटस्थता के सिद्धांतों को भुलाकर अमेरिका से सैनिक मदद मांगी थी। नेहरू की मौत के दो साल बाद प्रधानमंत्री बनीं इंदिरा गांधी ने भारत की सैनिक ताकत को बढ़ाने का अभियान चलाया। 1971 के बांग्लादेश युद्ध में पाकिस्तान की निर्णायक हार ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का दबदबा बढ़ाया था। भारत ने 1974 में परमाणु परीक्षण के जरिये चीन सहित सभी बड़ी ताकतों को चौंका दिया था। इस पराक्रम के पीछे नेहरू द्वारा सभी क्षेत्रों में खड़ा किया गया मजबूत आधार है। भारतीय जनजीवन के सभी क्षेत्रों में नेहरू की सशक्त मौजूदगी रही है। इसलिए उन्हें भाजपा और संघ परिवार ने निशाना बनाने के लिए सबसे आदर्श और उपयुक्त पात्र माना है। नेहरू, गांधी परिवार की विराट प्रतिमा को खंडित करने के अभियान की पृष्ठभूमि में सोनिया गांधी का अपनी किताब में परिवार का पक्ष पेश करना स्वाभाविक है। उन्होंने नेहरू के बाद की स्थितियों का जिक्र किया है।

संस्थागत अधिकार के सम्मान का क्षरण भारतीय लोकतंत्र की नींव के लिए खतरा

के रवींद्रन

भारत के सर्वोच्च न्यायालय के भीतर और बाहर जो असाधारण दृश्य देखने को मिल रहे हैं, वे देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं में पनपी एक गहरी समस्या की चिंताजनक निशानी हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद एक वकील को अदालत कक्ष से बाहर निकाले जाने का नजारा, केवल न्यायिक मर्यादा के उल्लंघन की एक अकेली घटना नहीं है। केरल में सत्ताधारी दल के नेतृत्व से जुड़ी अवमानना की कार्रवाई की पृष्ठभूमि में हुई यह घटना, संवैधानिक अधिकार के प्रति घटते सम्मान और इस क्षरण के कारणों पर कई असहज सवाल खड़े करती है। 16 नवंबर की घटना, जिसमें एक वकील ने कथित तौर पर मुख्य न्यायाधीश की ईमानदारी और उनके पद पर बने रहने की योग्यता पर सवाल उठाए, पेशेवर असहमति की जायज सीमाओं को पार कर गई। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने अवमानना की कार्रवाई की मांग की, और अटॉर्नी जनरल ने भी इस कार्रवाई को शुरू करने के लिए अपनी सहमति दे दी। इससे पहले, सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य न्यायाधीश को निशाना बनाने वाली एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को अवमानना का नोटिस जारी किया था। पार्टी का कहना था कि वह संदेश नेतृत्व की अनुमति के बिना प्रकाशित किया गया था, और बाद में उन्होंने इसके लिए माफी भी मांगी। इन परिस्थितियों पर विचार करना जरूरी है, खासकर इसलिए क्योंकि अवमानना के आरोपों और किसी को दोषी ठहराए जाने के बीच फर्क करना आवश्यक है। एक समय था जब अदालत के शिष्टाचार से थोड़ा सा भी विचलन न्यायिक गरिमा का अपमान माना जाता था। वकील बहुत सम्मान के साथ पीठ (बेंच) के सामने अपनी बात रखते थे, और न्यायिक फैसलों पर असहमति को आमतौर पर स्थापित कानूनी प्रक्रियाओं के जरिए ही व्यक्त किया जाता था। अदालत कक्ष को एक ऐसी जगह माना जाता था जहां व्यक्तियों के बजाय तर्कों का महत्व अधिक होता था। आज के टकरावपूर्ण सार्वजनिक माहौल में यह परंपरा कमजोर पड़ गई है, जहां राजनीतिक बयानबाजी, व्यक्तिगत आरोपों और सोशल मीडिया अभियानों के जरिए अक्सर संस्थागत अधिकारों को चुनौती दी जाती है। फिर भी, इस गिरावट के लिए पूरी तरह से गैर–जिम्मेदार वकीलों, राजनेताओं या अनियंत्रित जनता को जिम्मेदार ठहराना बहुत ही सरल सोच होगी। किसी संस्था के प्रति सम्मान को केवल औपचारिक परंपराओं, अनुशासनात्मक शक्तियों या संवैधानिक दर्जे के सहारे हमेशा के लिए बनाए नहीं रखा जा सकता। इसके लिए लगातार सही आचरण, पारदर्शिता, निष्पक्षता और उन सिद्धांतों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता दिखानी पड़ती है, जो उस संस्था के अस्तित्व को सही ठहराते हैं। यह बात संसद और कार्यपालिका पर उतनी ही लागू होती है, जितनी कि संवैधानिक निकायों और न्यायपालिका पर। न्यायपालिका एक अत्यंत संवेदनशील स्थिति में होती है, क्योंकि उस पर मौलिक अधिकारों की रक्षा करने, संविधान की व्याख्या करने और सरकार के अन्य अंगों की मनमानी पर रोक लगाने की जिम्मेदारी होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था के बने रहने के लिए न्यायपालिका की स्वतंत्रता अनिवार्य है। इसका मतलब यह नहीं है कि जब कोई फैसला किसी राजनीतिक दल या किसी वादी को निराश करे, तो न्यायपालिका को डराया–धमकाया जाए। अदालतें धमकियों, सुनियोजित दबाव या व्यक्तिगत निंदा के माहौल में काम नहीं कर सकतीं। न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए ऐसे व्यवहार से सुरक्षा जरूरी है। वहीं दूसरी ओर, फैसलों, प्रशासनिक कार्यप्रणालियों और संस्थागत व्यवस्थाओं की तर्कपूर्ण आलोचना करना संवैधानिक लोकतंत्र का एक अहम हिस्सा है। आलोचना और डराने–धमकाने के बीच का फर्क स्पष्ट होना चाहिए, खासकर तब जब खुद न्यायपालिका को यह तय करना हो कि क्या अदालत की अवमानना हुई है। भारत की न्यायपालिका के सामने ऐसी चुनौतियां हैं जो केवल अदालती कार्रवाई तक सीमित नहीं हैं। लंबित मामलों का भारी बोझ, लंबे समय तक चलने वाले मुकदमे, खाली पद, कानूनी प्रतिनिधित्व तक असमान पहुंच और न्याय पाने का आर्थिक बोझकृइन सबने जनता के बीच निराशा पैदा की है। एक आम नागरिक के लिए, किसी संस्था की विश्वसनीयता इस बात से नहीं मापी जाती कि संविधान के बारे में क्या–क्या कहा जा रहा है, बल्कि इस बात से मापी जाती है कि क्या उसे समय पर और किफायती न्याय मिल सकता है। जो व्यवस्था सर्वोच्च स्तर पर मौलिक स्वतंत्रता की रक्षा करने में सक्षम है, उसे उन लोगों के लिए भी सुलभ होना चाहिए जो निचली अदालतों में सालों से कानूनी कार्रवाई से जूझ रहे हैं। बड़ी समस्या यह है कि संस्थागत साख में गिरावट भारत की राजनीतिक और प्रशासनिक संस्कृति की एक विशेषता बन गई है। संसद, जिसे कभी राष्ट्रीय विचार–विमर्श का मुख्य केंद्र माना जाता था, अब अक्सर ऐसे टकरावों का गवाह बनती है जो कानूनों की गहन जांच–परख को पीछे धकेल देते हैं। जांच एजेंसियों का कामकाज भी संस्थागत बहस का एक विवादास्पद मुद्दा बन गया है। अलग–अलग राजनीतिक विचारधारा वाली सरकारों के दौर में, चुनिंदा लोगों पर कार्रवाई करने, राजनीतिक कारणों से जांच करने और अलग–अलग लोगों के साथ अलग–अलग व्यवहार करने के आरोप लगते रहे हैं। चुनाव आयोग, स्वायत्त नियामक संस्थाओं, विश्वविद्यालयों और प्रशासनिक तंत्र के कुछ हिस्सों को लेकर भी ऐसी ही चिंताएं हैं। इन संस्थाओं की वैधता उनकी पेशेवर स्वतंत्रता और जनता के भरोसे से आती है। जब नियुक्तियों, फैसलों या हस्तक्षेपों को मुख्य रूप से राजनीतिक नफे–नुकसान के नजरिए से देखा जाने लगता है, तो इन संस्थाओं की साख कमजोर हो जाती है। विभिन्न सरकारों ने इन संस्थाओं को अपनी सुविधा के साधन के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश करके इन दबावों को और बढ़ाया है। राजनीतिक निर्णय लेने की प्रक्रिया का लगातार केंद्रीकृत होना इस समस्या को और गंभीर बनाता है। जब सत्ता कुछ गिने–चुने नेताओं के एक छोटे से दायरे में सिमट जाती है, तो संस्थाओं के भीतर असहमति जताने, नौकरशाही में खुलकर अपनी बात रखने और स्वतंत्र पेशेवर राय देने की गुंजाइश कम हो जाती है।

नौवीं, 11वीं में अग्रिम पंजीकरण में हुई त्रुटियों में 30 तक करें संशोधन

निर्धारित अवधि के बाद संशोधन के लिए नही मिलेगा कोई अवसर : सचिव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। यूपी बोर्ड ने शैक्षिक सत्र 2026 – 27 (परीक्षा वर्ष 2028) में कक्षा 09 व 11 के अग्रिम पंजीकरण में विद्यालय स्तर से छात्र–छात्राओं के शैक्षिक विवरण त्रुटिपूर्ण अपलोड किये जाने



के प्रकरण सामने आये हैं। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने आज बताया कि छात्रहित में शैक्षिक सत्र 2026 – 27 (परीक्षा वर्ष 2028) कक्षा– 9 और 11 के अग्रिम पंजीकरण में छात्र छात्राओं के शैक्षिक विवरणों में हुई त्रुटियों के निराकरण के लिए सभी शैक्षिक विवरणों यथा विषय वर्ग, छात्र के नाम, माता ६ पिता के नाम, जेन्डर, मीडियम (हिन्दी अंग्रेजी), जाति, जन्मतिथि, फोटो, कक्षा–11 के पंजीकरण में हाईस्कूल के त्रुटिपूर्ण अनुक्रमांक आदि के संशोधन तथा छात्र छात्राओं के विवरण को नियमानुसार डिलीट ६ रिस्टोर किये जाने के लिए 30 नवंबर की मध्यरात्रि 12 बजे तक परिषद की वेबसाइट नचउेच.मकन.पद क्रियाशील रहेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों के शैक्षिक विवरणों की उपरोक्त त्रुटियों को तद्नुसार सम्बंधित प्रधानाचार्य द्वारा वेबसाइट पर लॉगइन कर समयान्तर्गत संशोधित अपडेट करा दिया जाय। सचिव ने बताया कि उपरोक्त निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के उपरान्त संशोधन के लिए कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

फ्री एंटी रेबीज कैम्प में 300 पशुओं का हुआ वैक्सीनेशन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। पेट्स लवर्स केयर क्लीनिक और सर्जिकल सेंटर पत्रिका चौराहे एवं मीरापुर गोलपार्क के पास स्थित शुक्रवार को



फ्री एंटी रैबीज शिविर लगाया गया। इसमें 300 से ज्यादा घरेलू एवं आवारा पशुओं को एंटी रैबीज के टीके लगाए गए। क्लीनिक के संस्थापक डा. विप्लव पांडेय ने लोगों को रैबीज के बारे में जानकारी दी एवं बचाव के सुझाव भी दिए। अत्याधुनिक मशीनों एवं ब्लड टेस्ट के द्वारा कई पालतू व आवारा कुत्तों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जो बीमार मिले उनके लिए फ्री दवाएं भी बाटी गईं। इसके पूर्व शिविर का शुभारंभ नगर निगम के पशुधन अधिकारी डा. विजय अमृत राज और उप मुख्य पशुधन अधिकारी डा. पीके सिंह ने किया। इस दौरान बडी संख्या में क्षेत्रीय लोग अपने पालतू जानवरों के साथ मौजूद थे।

30 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों का लखनऊ में प्रदर्शन, पुरानी पेंशन बहाली की उठाई मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 19 नवंबर। फुलपुक्टा के आह्वान पर प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय से संबद्ध अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों ने गुरुवार को लखनऊ के इको गार्डन में 30 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना–प्रदर्शन किया। प्रदेशभर से पहुंचे शिक्षकों ने लंबित मांगों के शीघ्र एवं न्यायोचित निस्तारण की मांग उठाई। प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन बहाली, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, मेडिकल लीव की सुविधा, स्थानांतरण में एनओसी की अनिवार्यता समाप्त करने, फीडर कैडर का लाभ तथा शिक्षक पुरस्कार एवं सेवा



सुरक्षा से जुड़े मुद्दे शामिल रहे। फुलपुक्टा अध्यक्ष प्रो. वीरेंद्र सिंह चौहान और महामंत्री प्रो. प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि सरकार आश्वासनों के बजाय ठोस निर्णय लेकर शिक्षकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करे। रज्जू भय्या विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. पवन कुमार पचौरी एवं महामंत्री डॉ. बिपिन कुमार ने भी मांगों के समर्थन में आवाज उठाई। जनपदीय शिक्षक संघ प्रयागराज के अध्यक्ष प्रो. रामलखन पाल और कुलभास्कर शिक्षक संघ के महामंत्री प्रो. प्रमोद यादव सहित विभिन्न जनपदों के शिक्षक नेताओं ने आंदोलन को समर्थन दिया।

चरणबद्ध आंदोलन के बाद लखनऊ में जुटे शिक्षक

शिक्षकों ने कहा कि मांगों का समाधान नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। आंदोलन के प्रथम चरण में 2 से 4 नवंबर तक शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया था। पांच नवंबर को जिलाधिकारियों के माध्यम से शासन को ज्ञापन भेजा गया था। इसी क्रम में 19 नवंबर को प्रदेशव्यापी धरना आयोजित किया गया। इसमें प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशांबी और फतेहपुर सहित विभिन्न जनपदों के शिक्षक शामिल हुए। प्रमुख रूप से प्रो. ए.सी. सिंह, प्रो. अखिलेश त्रिपाठी, डॉ. आदेश कुमार वर्मा, डॉ. ध्यानेश शुक्ला, डॉ. प्रेमचंद्र, डॉ. पुनीत अग्रवाल, प्रो. संतोष पांडेय, प्रो. माया शंकर, प्रो. रामराज, डॉ. सर्वेश सिंह, डॉ. भूपेश सिंह और डॉ. ज्योति गुप्ता सहित अनेक शिक्षकों ने भागीदारी की। वक्ताओं ने मांगों के निस्तारण तक लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण संघर्ष जारी रखने का संकल्प जताया।

दीप प्रज्ज्वलित कर 37वें राष्ट्रीय रामायण मेले का आगाज, गूंजते रहे जय श्रीराम

देवोत्थान एकादशी से कार्तिक पूर्णिमा तक चलेगा पांच दिवसीय धार्मिक व सांस्कृतिक महोत्सव। वृंदावन के कथावाचक केशवम अवस्थी की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

प्रातःकाल एक्सप्रेस

श्रृंगवेरपुर धाम। भगवान श्रीराम और निषादराज गुह की मिलन स्थली श्रृंगवेरपुर धाम की पावन धरती पर पांच दिवसीय 37वें राष्ट्रीय रामायण मेले का भव्य शुभारंभ हुआ। पर्यटन विभाग के सहयोग से देवोत्थान एकादशी से कार्तिक पूर्णिमा तक आयोजित होने वाले महोत्सव के पहले दिन देशभर से आए संत–महात्माओं, जनप्रतिनिधियों व श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।



राष्ट्रीय रामायण मेला का विधिवत शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर जगद्गुरु नारायणाचार्य शांडिल्य महाराज ने किया। फाफामऊ विधायक गुरुप्रसाद मौर्य ने बतौर विशिष्ट अतिथि भाग लिया। सर्वप्रथम मां गंगा के पावन तट पर विधि–विधान से पूजन–अर्चन और आरती की गई। इसके पश्चात मंच पर दीप प्रज्वलित कर मेले की शुरुआत की गई, जिससे पूरा परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर वृंदावन ६ ाम से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक केशवम अवस्थी ने अपनी ओजस्वी वाणी से श्रीराम कथा का भावपूर्ण रसपान कराया। उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग और भक्तिमय प्रसंगों का वर्णन किया, जिसे सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। अगले पांच दिनों तक इस मेले में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न सरकारी विभागों की प्रदर्शनियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

धर्म, संस्कृति एवं सामाजिक समरसता के इस संगम में रामायण मेला समिति के अध्यक्ष डॉ. बालकृष्ण पांडेय, महामंत्री उमेशचंद्र द्विवेदी, संयुक्त मंत्री अमित द्विवेदी, उपाध्यक्ष सरोज दीपू पांडेय, सीडीओ सुनील केसरवानी मौजूद रहे।इनके अलावा पवनराम सिंह, कृष्णचंद्र पांडेय, पवन शुक्ला, अरुण शुक्ला, मुकेश मिश्रा, गणेश मिश्रा, विनोद ओझा, सर्वेश मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, नागेंद्र सिंह, सियाराम सरोज आदि संख्या में समाजसेवी, संत–महात्मा और भक्तगण उपस्थित रहे।

वंदना सिंह भाजपा महिला मोर्चा काशी क्षेत्र की उपाध्यक्ष, दी बधाई

भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा काशी क्षेत्र में सांगठनिक मजबूती को और अधिक विस्तार देते हुए काशी क्षेत्र महिला मोर्चा में महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है जिसमें कर्मठ, ऊर्जावान और समर्पित भाजपा नेत्री वर्तमान में क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती वंदना सिंह को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा काशी क्षेत्र का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन वंदना सिंह के संगठन के प्रति दीर्घकालिक समर्पण, सक्रिय कार्यशैली और महिलाओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ को देखते हुए किया गया है। उनके इस दायित्व मिलने से काशी क्षेत्र में महिला मोर्चा संगठन को और अधिक गति और मजबूती मिलने की उम्मीद है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में हर्ष छा गया। वंदना सिंह के उपाध्यक्ष बनने पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कीर्तिका अग्रवाल, प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता,प्रयागराज महानगर के महामंत्री डॉ शैलेश कुमार पांडेय, भाजपा नेत्री कविता यादव त्रिपाठी, प्रयागराज महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष रीता सिंह, महामंत्री शिखा खन्ना, जिला मंत्री नीलम त्रिपाठी आदि ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दिया है।



भाजपा शासन में महिलाओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता पर है जोर : सीमा द्विवेदी

रहाटकर जी का जीवन महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, सर्वांगीण विकास को समर्पित : सांसद सांसद ने किया राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष का भव्य स्वागत, अभिनंदन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। भाजपा की वरिष्ठ नेता और सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी ने राष्ट्रीय महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष ष्श्रीमती विजया रहाटकर के प्रथम आगमन पर प्रयागराज – जौनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग की सीमा

बुढ़िया का ईनारा चौराहा पर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। सांसद सीमा द्विवेदी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ष्श्रीमती विजया रहाटकर को भव्य फूलों की माला, अंग वस्त्रम और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। वरिष्ठ भाजपा नेता और सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष रहाटकर जी का जीवन महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पित रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भाजपा शासनकाल में महिलाओं में आत्मनिर्भरता बढी है और उनका चतुर्दिक सर्वांगीण विकास हुआ है। सांसद सीमा द्विवेदी ने जोर देते हुए कहा कि जिस समाज में महिलाओं का विकास, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता बढती है उस समाज का विकास कोई रोक नही सकता है। सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महराज महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता को लेकर बहुत गंभीर है और विशेषरूप से कार्य भी कर रहे है। राष्ट्रीय महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष ष्श्रीमती विजया रहाटकर ने सांसद सीमा द्विवेदी, भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्त्ताओं को धन्यवाद दिया।



100 मीटर दौड़ में वैभव प्रथम

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की वार्षिक खेल स्पर्धा का पुरस्कार वितरण समारोह बृहस्पतिवार को आयोजित हुआ। इसमें 100 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में वैभव यादव ने पहला स्थान प्राप्त किया। कुलपति संगीता श्रीवास्तव ने विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया। कुलसचिव आशीष खरे और डीन अरुण जेटली व एसआई रिजवी ने भी प्रमाण पत्र दिए। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में निधि विजेता रहीं। लंबी कूद में कृष्णा गुप्ता और रोशनी ने जीत हासिल की। कबड्डी में कला संकाय की छात्राओं और बालक वर्ग की टीम ने प्रथम स्थान पाया। साइकिलिंग में शिक्षक धनंजय यादव और शीलू ने पहला स्थान प्राप्त किया। शतरंज में बादल और श्वेता सिंह ने भी जीत दर्ज की। कुलपति संगीता श्रीवास्तव ने खेलों को मानसिक और शारीरिक विकास के लिए जरूरी बताया। सह–खेल निदेशक सर्वश्रेष्ठ धामी ने खिलाड़ियों के स्वास्थ्य पर जानकारी दी। विश्वविद्यालय ने एसजीपीजीआई लखनऊ से समझौता किया है।

सब–जूनियर द कोर्ट क्वीन विजयी, सीनियर वर्ग में मौर्य शूटर्स फाइनल में

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। केपी बास्केटबॉल अकादमी में आयोजित फ्रेंडशिप बास्केटबॉल प्रतियोगिता के सब–जूनियर वर्ग के मुकाबलों का



आगाज हुआ। पहले मुकाबले में द कोर्टक्वीन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रॉयल बॉयज को 18–6 अंकों से पराजित कर जीत दर्ज की। मुकाबले में द कोर्ट क्वीन की ओर से अर्ना ने सर्वाधिक 10 अंक बनाए, जबकि तेशवी और राशि ने 4–4 अंक अर्जित किए। वहीं रॉयल बॉयज की ओर से शुभ पाल ने 8 अंक बनाए। बेहतर तालमेल और सटीक निशाने के दम पर द कोर्टक्वीन की खिलाड़ियों ने शुरू से ही मुकाबले में बढ़त बनाए रखी। मैच के दौरान विशेष अतिथि डीपी पब्लिक स्कूल के शारीरिक शिक्षक एवं भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब के कोच सचिन प्रकाश सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया कोच रवि प्रकाश मौर्य ने उनका स्वागत किया। सीनियर वर्ग में मौर्य शूटर्स फाइनल में–प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में मौर्य शूटर्स की टीम ने फाइनल में जगह बना ली। मैचों में निर्णायक की भूमिका निखिल चंद्रा, आदित्य यादव और रोशन चौहान ने निभाई।

शुआट्स क्लब को मिली जीत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। दिव्यांश की नाबाद 67 रन और राज की घातक गेंदबाजी (4ध्25) से शुआट्स क्लब ने सीएपी गोपालगंज 25 रन से हराकर एससीएपी क्रिकेट ट्रॉफी अंडर–14 क्रिकेट सीरीज के दूसरे मैच में जीत दर्ज की। शुआट्स मैदान पर शुक्रवार को खेले गये मैच में शुआट्स क्लब ने निर्धारित 30 ओवर में पांच विकेट पर 182 रन (दिव्यांश 67 नाबाद, आकाश पटेल 47, अल्तमश 21, फैशल तीन, सुफियान शमीम ने एक विकेट) बनाए। जवाब में सीएपी गोपालगंज की टीम 29.2 ओवर में 157 रन पर (अनिश कुमार 50, आरआर यादव 25, सुफियान शमीम 16 तथा सैफ और फरहान अख्तर 11–11, देवेंद्र राज 4ध्25, निहाल और शिवम पाल ने दो–दो तथा अल्तमश एक विकेट) सिमटी।

राष्ट्रीय जूनियर खो–खो चैंपियनशिप के लिए प्रयागराज के तीन खिलाड़ियों का यूपी टीम में चयन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। गुजरात के वडोदरा स्थित पारुल यूनिवर्सिटी में 21 से 25 नवंबर 2026 तक आयोजित होने वाली 45वीं जूनियर



पायल | विपिन | अनुज

राष्ट्रीय खो–खो चौंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश की बालक एवं बालिका टीम में प्रयागराज के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में बालक वर्ग से अनुज और विपिन तथा बालिका वर्ग से पायल शामिल हैं। प्रतियोगिता का आयोजन खो–खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में गुजरात खो–खो एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश की 15–15 सदस्यीय बालक एवं बालिका टीमें प्रतिभाग करेंगी। तीनों खिलाड़ियों के चयन पर प्रयागराज खो–खो एसोसिएशन के चेयरमैन अरुण प्रताप सिंह, अध्यक्ष रंजीत चौरसिया, सचिव मिथुन कुमार, कोषाध्यक्ष राधेश्याम मौर्य सहित अन्य खिलाड़ियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रयागराज में गंगा–जमुनी तहजीब की मिसाल, मुसलमान भाइयों ने भगवान श्री सालिग्राम तुलसी जी की शोभा यात्रा का किया स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। धार्मिक सदभाव का बेहतरीन उदाहरण देखने को मिला, बहादुरगंज में मुसलमान भाइयों ने भगवान श्रीसालिग्राम, तुलसी जी की शोभा यात्रा का स्वागत किया। गंगा–जमुनी तहजीब को और मजबूत करने का संदेश दिया। इस मौके पर हिंदू मुस्लिम सदभाव मंच के अध्यक्ष इरशाद उल्ला ने यात्रा में शामिल



भक्तों को माला पहनाकर स्वागत किया और चल रहे भक्तों को पानी, बिस्किट और मिठाई खिलाई। कार्यक्रम में संस्थापक संतोष नंद महाराज, अध्यक्ष कृष्ण भगवान केसरवानी, मेयर गणेश केसरवानी, राजीव कृष्ण श्रीवास्तव बंटीभैया, हरिओम साहू ,सारिका यादव, कैलाश केसरवानी समेत सैकड़ों भक्त मौजूद रहे। यात्रा के दौरान भाईचारे और आपसी मोहब्बत का माहौल नजर आया। मंच के अध्यक्ष इरशाद उल्ला ने कहा कि प्रयागराज हमेशा से मोहब्बत और भाईचारे की धरती रही है। यहां हिंदू–मुस्लिम एक साथ मिलकर हर त्योहार और यात्रा को मनाते हैं। यही हमारी गंगा–जमुनी तहजीब है, जिसे हमें हमेशा कायम रखना है। भक्तों ने भी मुसलमान भाइयों के इस स्वागत की जमकर सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में प्रेम और सदभाव बढ़ता है।

कंपोजिट विद्यालय पुरइन में 54 बच्चों का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत लगा शिविर, बच्चों को सर्दी से बचाव और यातायात सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा–2026 के अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), पीआईयू कानपुर के



सहयोग से त्रिवेणी संगम हाईवेज प्राइवेट लिमिटेड ने कंपोजिट विद्यालय पुरइन में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया। इसमें विद्यालय के 54 छात्र–छात्राओं सहित शिक्षकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। हाईवे के पैरामेडिकल डॉक्टर हिमांशु मौर्य और लवकुश सिंह ने बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही शीत ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचाव, स्वच्छता, गर्म कपड़े पहनने, पौष्टिक आहार लेने और स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जानकारी दी। सीएसआर मैनेजर फिरोज खान ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़े का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जागरूकता के साथ आमजन और बच्चों को स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करना भी है। इस दौरान बच्चों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

इंस्पेक्टर कमर खान की कार्यशैली और व्यवहार की हुई सराहना, पुलिसकर्मियों ने दी विदाई

इंस्पेक्टर कमर खान और कांस्टेबल राकेश दुबे को थाना प्रभारी के नेतृत्व में दी गई विदाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रेमनगर फतेहपुर। थाना सुल्तानपुर घोष परिसर में शुक्रवार को क्राइम इंस्पेक्टर कमर खान और हेड कांस्टेबल (सीसीटीएनएस)



राकेश दुबे के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने दोनों को फूल–मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दीं। बताते चलें कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर निरीक्षक कमर खान का स्थानांतरण गैर जनपद प्रतापगढ़ किया गया है, जबकि राकेश दुबे को खागा कोतवाली स्थानांतरित किया गया है। कम समय में ही कमर खान ने अपने कुशल व्यवहार और कार्यशैली से क्षेत्र में पहचान बनाई। वहीं राकेश दुबे ने सीसीटीएनएस का कार्य जिम्मेदारी से निभाया। समारोह में पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्रीय पत्रकार और गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आज सेमरा में दंगल प्रतियोगिता में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शनिवार को दिन में तीन बजे अटेहा के समीप सेमरा में आयोजित राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इसके पहले वह दिन में सवा ग्यारह बजे सराय संग्राम सिंह टोल प्लाजा के समीप कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। अपरान्ह एक बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में पर्यटन विकास से जुडी परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

बकरियां हुई चोरी, एसपी से शिकायत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। पशुपालन केंद्र से बकरी चोरी की घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना के पूरे दिकतन मंगापुर निवासी संतोष सिंह पुत्र रामनरेश सिंह ने एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि गुरूवार की रात अज्ञात चोरों ने पिकप से उसके पशुपालन केंद्र से दो सौ बकरी चोरी कर उठा ले गये। गांव के राजू सिंह ने फोन पर बताया कि लगभग पांच अज्ञात बदमाश पिकप से आये और जाली काटकर बकरी समेत पशु आहार उठा ले गये। पीड़ित ने चोरी गयी बकरियों की कीमत सोलह लाख रूपये आंकी है।

सीएम की माँ के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोना व सांसद प्रमोद ने जताया दुःख

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माँ सावित्री देवी के आकस्मिक निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना एवं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गहरा दुःख जताया है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं पीसीसी अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि सीएम योगी अपनी मां से बहुत ज्यादा आत्मीय रूप से जुड़े थे। नेताद्वय ने कहा कि उनकी माता जी मृदुभाषी, सौम्य स्वभाव तथा सादगी भरे जीवन के साथ एक विदुषी महिला के रूप में अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के लिए समर्पित किया। नेताद्वय का संयुक्त बयान शुक्रवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

पीडब्ल्यूडी की निगरानी में बन रही सड़क की खुली पोल, निर्माण सामग्री हाथ से बिखरी

रेवाड़ी-सेमरिया मार्ग पर निर्माण की गुणवत्ता सवालों में, ग्रामीणों ने वीडियो वायरल कर उठाये सवाल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

विजयीपुर फतेहपुर। सरकारी धनराशि से कराए जा रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता के दावों की हकीकत विजयीपुर विकासखंड में सामने आई है। यहां लाखों रुपये की लागत से बन रहा रेवाड़ीदृ सेमरिया मार्ग निर्माण पूरा होने से पहले ही उखड़ने लगा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी करते हुए गुणवत्ताहीन सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है।

ग्रामीणों के मुताबिक सड़क की परत हाथ लगाने मात्र से उखड़ रही है और निर्माण सामग्री टूटकर बिखर रही है। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नाराज ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर सड़क की बदहाली का वीडियो बनाया और इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। वीडियो



में सड़क की परत हाथ से उखड़ती दिखाई दे रही है। उक्त मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की देखरेख में कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और विभागीय उच्चाधिकारियों से तकनीकी टीम गठित कर स्थलीय जांच कराने तथा निर्माण सामग्री की गुणवत्ता परखने की मांग की है। साथ ही मानकों की अनदेखी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

कुंडा के बेंती राजमहल में दिव्य दरबार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, धीरेंद्र शास्त्री ने इलाज जारी रखने की दी सलाह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढ़, प्रतापगढ़। कुंडा के बेंती राजमहल में आयोजित बागेश्वर धाम सरकार पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस शुक्रवार को दिव्य दरबार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दरबार के दौरान शास्त्री ने पर्चियां निकालकर लोगों की समस्याएं सुनीं। प्रेत बाधा से पीड़ित होने का अनुभव करने वाले लोगों को आगे आने की अपील के बाद तीनों पंडालों से बड़ी संख्या में महिला और पुरुष मंच के पास पहुंच गए। हनुमान चालीसा पाठ के दौरान कुछ श्रद्धालु भावुक होकर झूमते और असामान्य व्यवहार करते दिखाई दिए।

दवाइयां बंद न करने की दी सलाह



धीरेंद्र शास्त्री ने श्रद्धालुओं को स्पष्ट सलाह दी कि धार्मिक आयोजनों के चक्कर में पड़कर दवाइयां लेना बंद न करें और अपना इलाज जारी रखें। उन्होंने कहा कि यदि केवल भभूत से ही चमत्कार होता तो कैंसर अस्पताल बनवाने की जरूरत क्यों पड़ती। इस दौरान उन्होंने भगवान हनुमान द्वारा संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण के प्राण बचाने का प्रसंग भी सुनाया।

राजा भैया ने सुनाया प्रसंग, मनोज तिवारी ने प्रस्तुत किए भजन

कार्यक्रम में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष एवं कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने बागेश्वर धाम सरकार के आगमन से जुड़ा प्रसंग सुनाया। वहीं सांसद एवं अभिनेता मनोज तिवारी ने भजन प्रस्तुत किए। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जयवीर सिंह, सांसद रमेश अवस्थी, विधायक पूजा पाल सहित कई विशिष्ट अतिथि भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

ड्रोन से निगरानी, चप्पे–चप्पे पर पुलिस की नजर

श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रतापगढ़ पुलिस सतर्क रही। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने राजपत्रित अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कथा पंडाल, प्रवेश और निकास मार्गों, पार्किंग स्थलों तथा आसपास के क्षेत्रों की ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी की गई। भीड़ और यातायात व्यवस्था पर नजर रखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। पुलिस ने धार्मिक आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए।

स्नेह की पूंजी छोड़ विदा हुए नीरज, श्रवण पाल के हाथों में कड़ा की कमान

दो साल 10 माह 18 दिन के कार्यकाल में शिक्षकों के बीच बनाई खास पहचान, बीआरसी सभागार में भावभीनी विदाई और नवागत बीईओ का हुआ स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशांबी। कुछ लोग अपने पद से नहीं, बल्कि व्यवहार और कार्यशैली से लोगों के दिलों में जगह बनाते हैं। खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार उमराव का कड़ा ब्लाक में कार्यकाल भी ऐसी ही आत्मीयता और विश्वास की मिसाल रहा। दो वर्ष 10 माह 18 दिन तक उन्होंने शिक्षकों के साथ समन्वय और सहयोग की भावना से कार्य करते हुए ब्लाक को शैक्षिक गतिविधियों में अग्रणी बनाने का प्रयास किया। 18 नवंबर को कौशांबी से कार्यमुक्त होकर चित्रकूट स्थानांतरित हुए नीरज कुमार उमराव को शुक्रवार को बीआरसी कड़ा के सभागार में आयोजित समारोह में शिक्षकों ने भावभीनी विदाई दी। वहीं, बीआरसी का प्रभार मिलने पर नवागत खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई कड़ा की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद शिक्षकों ने नीरज कुमार उमराव को माला पहनाकर और उपहार भेंटकर सम्मानित किया। विदाई के दौरान शिक्षकों ने उनके साथ बिताए कार्यकाल के अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि उनकी सहज कार्यशैली, स्नेहपूर्ण व्यवहार और शिक्षकों के प्रति सहयोगात्मक दृष्टिकोण ने पूरे शिक्षक परिवार को एक सूत्र में बांधे रखा। उनके नेतृत्व में शिक्षकों ने भी पूरी निष्ठा और मनोयोग से कार्य करते हुए कड़ा ब्लाक को बेहतर बनाने में योगदान दिया।

शिक्षकों को संबोधित करते हुए निवर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार उमराव ने कहा कि कड़ा में बिताया गया कार्यकाल उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। यहां के शिक्षकों की टीम ने सदैव शिक्षा हित को प्राथमिकता देते हुए पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य किया। इसी सामूहिक प्रयास का परिणाम रहा कि कड़ा ब्लाक जनपद में विभिन्न विभागीय और शैक्षिक गतिविधियों में हमेशा अग्रणी रहा। उन्होंने शिक्षक परिवार के सहयोग और आत्मीय व्यवहार के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर नवागत खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल ने कहा कि कड़ा ब्लाक को शैक्षिक गतिविधियों और विभागीय कार्यों में अग्रणी बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। इसके लिए शिक्षकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने शिक्षक परिवार से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से कड़ा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने ब्लाक को शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संकल्प भी व्यक्त किया।

कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अफरोज आलम, मंत्री जैनेन्द्र वर्मा, विजय कुमार, प्रभाकर मिश्रा, दीपक माले, संदीप त्रिपाठी, कमला सोनकर, डी के श्रीवास्तव, विनोद कुमार मिश्रा सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन केके जायसवाल ने किया।

1764 विद्यालयों का शत-प्रतिशत एसएचवीआर मूल्यांकन पूरा, प्रदेश में तीसरे स्थान पर कौशाम्बी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशांबी। परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में संचालित एसएचवीआर मूल्यांकन कार्य को निर्धारित समय में पूरा कराने में कौशांबी ने प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। गुरुवार को मूल्यांकन कार्य पूरा करने की अंतिम तिथि थी। जनपद में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सभी 1764 विद्यालयों का शत–प्रतिशत मूल्यांकन पूरा कर लिया गया। इस उपलब्धि के साथ कौशांबी प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा।

इस सफलता के पीछे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन, एसआरजी की सतत मॉनिटरिंग, एआरपी के सक्रिय प्रयास और शिक्षक संकुलों के समर्पित परिश्रम की अहम भूमिका रही। मूल्यांकन कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के लिए लगातार समीक्षा की गई। साथ ही विद्यालय स्तर पर आने वाली समस्याओं का समाधान कराते हुए शिक्षकों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया।

जनपद में इस अभियान के लिए 85 शिक्षक संकुलों और 38 एआरपी को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। एसआरजी डा. ओम प्रकाश सिंह ने नोडल की भूमिका निभाते हुए पूरे कार्य की निगरानी की। वहीं डीसी (निर्माण) वीरेंद्र कुमार नोडल तथा शालिनी कुशवाहा नोडल एआरपी के रूप में जिम्मेदारी निभाती रहीं। सभी ने आपसी समन्वय से मूल्यांकन कार्य को गति प्रदान की।

एसआरजी डा. ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि बीएसए के निर्देश, एसआरजी की नियमित मॉनिटरिंग, एआरपी के प्रयास और शिक्षक संकुलों के अथक परिश्रम का परिणाम है कि जनपद में लक्ष्य के सापेक्ष सभी विद्यालयों का मूल्यांकन पूरा हो सका। प्रदेश स्तर पर कौशांबी समेत पांच जनपदों ने शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है। यह उपलब्धि बेसिक शिक्षा विभाग की टीम भावना, जवाबदेही और सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल है।

सीडीओ ने स्व-जनगणना अभियान का लिया औचक जायजा, दिये निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। स्व जनगणना अभियान को लेकर सीडीओ डॉ. राममोहन मीणा ने शुक्रवार को लालगंज विकासखण्ड के रायपुर तियांई गांव में औचक निरीक्षण किया। सीडीओ ने अभियान को लेकर प्रगणकों से विस्तार से जानकारियां ली। उन्होने कहा कि स्व जनगणना के कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता अक्षम्य होगी। सीडीओ ने मौजूद लोगों से भी इस महत्वपूर्ण अभियान में स्व जागरूकता के तहत सहयोग मांगा। उन्होने सोलह नवंबर से तीस नवंबर तक जारी इस अभियान की भी लोगों को महत्वता समझायी। सीडीओ के अचानक गांव पहुंचने से हडकंप का माहौल दिखा। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य भी मौजूद रहे। खण्ड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा ने वांछित सूचनाएं प्रदान की। इधर डीडीओ आलोक ने सीडीओ के निरीक्षण के बाद पूरे रूप तथा खजुरी में भी स्व जनगणना अभियान की प्रगति का जायजा लिया।

महात्मा बुद्ध महाविद्यालय अजुहा में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान का किया गया शुभारंभ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। नगर पंचायत अजुहा में स्थित महात्मा बुद्ध महाविद्यालय में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया , जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मदन मोहन सिंह के द्वारा बताया गया कि यातायात के नियमों का पालन करना बहुत आवश्यक होता है , उन्होंने हेलमेट लगाने के फायदे एवं न लगाने के भयानक परिणाम के बारे में भी समझाया । कार्यक्रम अधिकारी धरणीधर ने यातायात के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया। इस दौरान महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी– धरणीधर इकाई – प्रथम एवं कार्यक्रम अधिकारी– राजेश कुमार मौर्य इकाई – द्वितीय एवं रामलोचन , साकेत चौधरी , मनीराम , दिनेश , मनोज श्रीवास्तव , साकेत चौधरी एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



पूर्व विधायक ने फीता काटकर किया लक्ष्मी इलेक्ट्रिक व्हीकल जोन का उद्घाटन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कड़ा कौशाम्बी। सिराथू कस्बे में के कालाकांकर रोड पर शुक्रवार को मैसर्स सक्षम इंटरप्राइजेज के प्रतिष्ठान लक्ष्मी इलेक्ट्रिक व्हीकल जोन का भव्य शुभारंभ हुआ। पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल ने फीता काटकर शोरूम का उद्घाटन किया। प्रतिष्ठान का संचालन डॉ. निशीथ श्रीवास्तव द्वारा किया जा रहा है। शोरूम में इलेक्ट्रिक स्कूटरों की आधुनिक रेंज उपलब्ध है। ग्राहकों को किफायती कीमतों के साथ आकर्षक फाइनेंस सुविधा भी मिलेगी। उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। शोरूम कालाकांकर रोड पर बचपन प्ले स्कूल के पास स्थित है। इस दौरान चेयरमैन राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव, जनक पांडेय, आलोक सिंह, मुन्ना पटेल , हीरालाल सरोज, अमित यादव , दीपक शुक्ला सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कौशाम्बी में एंटीमाइक्रोबियल जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता रैली एवं प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कौशाम्बी में एंटीमाइक्रोबियल जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम वन हेल्थ वन ऐक्शन, प्रवेन्ट ए0एम0आर0 रही। कार्यक्रम का आयोजन माइक्रोबायोलॉजी एवं फार्माकोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के बढ़ते खतरे के प्रति चिकित्सा विद्यार्थियों, चिकित्सकों एवं आम जनमानस को जागरूक करना तथा एंटीबायोटिक दवाओं के विवेकपूर्ण उपयोग को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) हरिओम कुमार सिंह की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के संकाय सदस्यों, सीनियर एवं जूनियर रेजिडेंट चिकित्सकों, एम0बी0बी0एस0 प्रथम द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों तथा अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों



द्वारा ए0एम0आर0 विषय पर पोस्टर प्रस्तुति एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय परिसर में जागरूकता रैली निकालकर एंटीबायोटिक दवाओं के अनावश्यक उपयोग, बिना चिकित्सकीय परामर्श के एंटीबायोटिक सेवन तथा अधूरे एंटीबायोटिक कोर्स के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाई गई। कार्यक्रम में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस केवल मानव स्वास्थ्य तक सीमित समस्या नहीं है, बल्कि पशु स्वास्थ्य एवं पर्यावरण से भी जुड़ी हुई है। इसलिए ए0एम0आर0 की रोकथाम के लिए एक हेल्थ दृष्टिकोण अपनाना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को यह संदेश दिया गया कि एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग केवल चिकित्सकीय सलाह के अनुसार करें तथा इनके जिम्मेदार उपयोग से भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रभावी एंटीमाइक्रोबियल दवाओं को सुरक्षित रखें। महाविद्यालय में 18 से 24 नवंबर तक एंटीमाइक्रोबियल जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त कार्यक्रम मे डीन एकेडमिक, डा0 शारदा सिंह, सह–आचार्य, डा0 अरिन्दम् चक्रवर्ती, डा0 रविरंजन सिंह, डा0 विकास कुमार, सहायक आचार्य, डा0 आत्मिक सिंह, डा0 धर्मेन्द्र मिश्रा, डा0 संतोष कुमार, डा0 प्रतिमा त्रिपाठी, डा0 संदीप कुमार, डा0 नन्दिनी राघव, एवं अन्य संकाय सदस्य, सीनियर रेजीडेन्ट डा0 नसरीन फातिमा, जूनियर रेजीडेन्ट डा0 प्रशान्त, डा0 विवेक, डा0 सत्यम त्रिपाठी, डा0 विश्जीत कुमार, डा0 मो0 जुबैर इन्टर्न, व एम0बी0बी0एस0 प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्र छात्राऐ उपस्थित रहे।

छोटा ट्रांसफार्मर खराब, तीन दिन से अंधेरे में डूबा गांव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुंगराबादशाहपुर। मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के ग्राम कबीरपुर (रसहना), पोस्ट–नीभापुर में लगा छोटा ट्रांसफार्मर पिछले तीन दिन से खराब पड़ा है। क्षमता कम होने से ट्रांसफार्मर बार–बार खराब हो जाता है। इससे गांव की बिजली आपूर्ति ठप है और लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है।बिजली न आने से पेयजल की समस्या बढ़ गई है। छात्र–छात्राओं की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि छोटे



ट्रांसफार्मर पर लोड अधिक है, इसलिए वह बार–बार खराब हो जाता है।ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन इसके बाद भी सुनवाई नहीं हुई। अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है।ग्राम के बंशराज कनौजिया, विजय बहादुर बिंद, मुन्नी लाल यादव, योगेंद्र प्रताप सिंह, गोपाल सिंह, दयाशंकर प्रजापति आदि ने छोटे ट्रांसफार्मर की जगह बड़ा ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।इस संबंध में जेई मुंगराबादशाहपुर प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि ट्रांसफार्मर दिखवाया जा रहा है।

देवोत्थान एकादशी पर भक्तिमय हुई काशी, गंगा स्नान और तुलसी विवाह में उमड़ी श्रद्धा

प्रातः काल एक्सप्रेस

वाराणसी। धर्मनगरी काशी में देवोत्थान एकादशी का पर्व शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से



ही गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। भक्तों ने गंगा स्नान कर दान–पुण्य किया और भगवान विष्णु की विधि–विधान से पूजा–अर्चना की। श्री काशी विश्वनाथ धाम सहित शहर के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। घरों में तुलसी माता और भगवान शालिग्राम का विवाह धूमधाम से संपन्न कराया गया। गन्ने का मंडप सजाकर वैवाहिक रस्में निभाई गईं। शहर के बाजारों में गन्ना, सिंघाड़ा, आंवला और पूजा सामग्री की खरीदारी को लेकर चहल–पहल रही। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा से जागते हैं। इसी के साथ चातुर्मास समाप्त होकर विवाह सहित मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है। काशी के मंदिरों और घरों में दिनभर भक्ति का माहौल बना रहा।

'फुटबॉल फॉर स्कूल' कार्यक्रम के तहत परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को वितरित किए गए फीफा फुटबॉल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। शुक्रवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, पटेहरा कलां (मड़िहान) में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना श्फुटबॉल फॉर स्कूलश (थ्ववजइंसस वित बीववसे) कार्यक्रम के अंतर्गत फीफा (थ्थ्।) फुटबॉल वितरण समारोह का भव्य आयोजन



किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं मड़िहान के विधायक रमाशंकर सिंह पटेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने क्षेत्र के लगभग 150 से ज्यादा परिषदीय विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को फुटबॉल का वितरण किया। लाभान्वित होने वाले विद्यालयों में उच्च प्राथमिक विद्यालय रजौहा,आषाढ़ी, किरहा,मड़िहान सहित क्षेत्र के सैकड़ों अन्य विद्यालय शामिल रहे। उपस्थित जनसमूह और बच्चों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विद्यालयों में खेलों को निरंतर बढ़ावा दे रही है। सरकार का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बच्चों की खेल प्रतिभा को उजागर कर उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए प्रोत्साहित करना है। इसी कड़ी में सभी विद्यालयों में खेल से जुड़ी हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन द्वारा मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षा विभाग के अधिकारी, बड़ी संख्या में अध्यापकगण एवं युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय रक्तदान दिवस पर तैलिक साहू राठौर महासभा को किया गया सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने, स्वैच्छिक रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने तथा रक्तदान की मानवीय भावना को सम्मान देने हेतु विभिन्न संस्थाओं एवं समाजसेवी संगठनों को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस प्रत्येक वर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य नियमित, स्वैच्छिक एवं निःशुल्क रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

समारोह में रक्तदान जागरूकता, सामाजिक सेवा एवं मानवता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए भारतीय तैलिक साहु राठौर महासभा, मिर्जापुर को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। महासभा द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों, स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों तथा रक्तदान प्रोत्साहन में योगदान की सराहना की गई।



कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित प्रधानाचार्य डॉक्टर संजीव सिंह ने रक्तदान को "जीवनदायी दान" बताया और कहा कि एक इकाई रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचा सकता है। उन्होंने युवाओं एवं नागरिकों से नियमित रक्तदान करने तथा इस मानवीय कार्य को समाज की प्राथमिकता बनाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय स्तर पर भी इस दिवस की थीम "मानवता की एक बूंद। रक्तदान करें। जीवन बचाएं।" रही है।

समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, विद्यार्थी, रक्तदाता एवं समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदाताओं के स्वैच्छिक योगदान की सराहना की तथा भविष्य में और अधिक लोगों को रक्तदान हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के अंत में सम्मानित प्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र भेंट किए गए।

भारतीय तैलिक साहु राठौर महासभा, मिर्जापुर ने इस सम्मान के लिए महाविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया और आगामी समय में रक्तदान जागरूकता एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर योगदान देने का संकल्प दोहराया।

पिपरी की जामा मस्जिद के ध्वस्तीकरण पर हाईकोर्ट की रोक

अगली सुनवाई तक मस्जिद और चहारदीवारी पर नहीं होगी कार्रवाई, 8 दिसंबर को होगी अगली सुनवाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सोनभद्र। दुद्धी तहसील के नगर पंचायत पिपरी (तुर्रा बाजार) स्थित दशकों पुरानी जामा मस्जिद और कब्रिस्तान के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अहम अंतरिम आदेश दिया है। न्यायालय ने अगली सुनवाई तक मस्जिद भवन और उसकी चहारदीवारी को ध्वस्त करने की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति अजीत कुमार और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने 17 नवंबर 2026 को आफताब अहमद बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व छह अन्य मामले में यह आदेश पारित किया। मामले की अगली सुनवाई के लिए 8 दिसंबर की तारीख निर्धारित की गई है।

मामले के अनुसार, सितंबर माह में स्थानीय प्रशासन की ओर से गठित समिति की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर जामा मस्जिद को सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण बताते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की बात सामने आई थी। इसके बाद मस्जिद इंतिजामिया कमेटी के सदर आफताब अहमद ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता अभिषेक कुमार चौबे के माध्यम



से याचिका दाखिल की थी।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अभिषेक कुमार चौबे ने न्यायालय में दलील दी कि मस्जिद और कब्रिस्तान वर्ष 1965 से 1972 के बीच निर्मित हैं। इनका उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड में वक्फ संख्या 729 (ॅब–763) के तहत 2 जून 1986 को पंजीकरण हुआ था। इसके अलावा 26 मई 1987 की अधिसूचना 7 अप्रैल 1990 को सरकारी गजट में प्रकाशित हुई थी, जिसमें इस संपत्ति का उल्लेख भी किया गया है।

अधिवक्ता ने यह भी दलील दी कि प्रशासन ने बिना पूर्व नोटिस और सुनवाई का अवसर दिए एकतरफा जांच रिपोर्ट के आधार पर मस्जिद को अवैध घोषित करने की कार्रवाई की। उन्होंने वक्फ अधिनियम के प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि वक्फ संपत्ति से जुड़े विवादों के निस्तारण का अधिकार वक्फ ट्रिब्यूनल को है। ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से इस संबंध में की जा रही कार्रवाई पर कानूनी सवाल उठते हैं।

याचिका में मस्जिद के पुराने बिजली कनेक्शन और नियमित बिजली बिल भुगतान का भी उल्लेख किया गया। कमेटी की ओर से इन दस्तावेजों को मस्जिद के लंबे समय से अस्तित्व में होने के साक्ष्य के रूप में पेश किया गया।

सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश जल विद्युत निगम की ओर से अतिरिक्त भूमि पर अतिक्रमण का मौखिक दावा किया गया। इस पर न्यायालय ने प्रदेश सरकार के स्थायी अधिवक्ता को अगली सुनवाई तक आवश्यक जानकारी प्राप्त कर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया।

कमेटी ने फैसले का किया स्वागत

हाईकोर्ट के आदेश के बाद मस्जिद इंतिजामिया कमेटी के सदर आफताब अहमद और अन्य पदाधिकारियों ने खुशी जताई। उन्होंने अधिवक्ता अभिषेक कुमार चौबे के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कमेटी के पास मस्जिद से संबंधित सभी वैध दस्तावेज मौजूद हैं। कमेटी ने क्षेत्र के लोगों से शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

आयुक्त निर्वाचन आयोग ने अष्टभुजा निरीक्षण गृह में चुनावी कार्यों की समीक्षा की

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेय) आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग, विवेक जोशी ने शुक्रवार को अष्टभुजा निरीक्षण गृह के



सभागार में बैठक कर निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश, उप पुलिस महानिरीक्ष पूनम, जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी भू0ध्रा0 विजेता, नमामि गंगे संगम लाल के अलावा सभी आर0ओ0ए0 ई0आर0ओ0 उपस्थित रहें।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार गंगवार ने निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बंधित चल रहे कार्यों एवं जनपद की सामान्य जानकारी व विधानसभावार ईपी रेशियों, जेण्डर रेशियों तथा अन्य कार्यों के बारे पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कानून व्यवस्था के सम्बंध में निर्वाचन आयुक्त को विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग सम्पादित कराने के लिए निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उत्तर दायित्व है उन्होंने कहा कि निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण मतदान निर्वाचन कार्य में लगे हुए अधिकारियों व कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है सभी लोग अपने दायित्वों का पारदर्शी व निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें उन्होंने कहा कि मतदाता सूची त्रुटिरहित एवं शुद्ध हो इसके लिए यह प्रयास किया जाए कि कोई भी पात्र नागरिक, मतदाता बनने से छूटने न पाएं।

बैठक के अंत में मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश ने मा0 निर्वाचन आयुक्त महोदय को आश्वस्त करते हुए कहा कि बैठक में दिए गए दिशा–निर्देशो का अक्षरशः पालन कराते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराया जायेगा। ईआरओ सहित निर्वाचन कार्य से सम्बंधित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में परियोजना निदेशक डी0आर0डी0 धर्मजीत सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर महेन्द्र सिंह उपस्थित रहें।

मतदाता पुनरीक्षण को लेकर सपा की बैठक में मंथन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर फ्रंटल, प्रकोष्ठो तथा सभी पदाधिकारियों की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर बैठक कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस अवसर पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा



कि प्रत्येक बूथ पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता नए मतदाताओं को जोडने और मौजूदा वोट को सुरक्षित रखने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करे। साथ ही कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अपने–अपने क्षेत्र के कस्बो व गांवों में जागरूकता अभियान चलाकर मतदाता सूची में नये मतदाताओं का नाम बढ़ाने तथा गलत मतदाताओं का कटवाने के कार्य को जिम्मेदारी पूर्वक करें। प्रत्येक बूथ अध्यक्ष से लगातार संपर्क बनाए रखा जाए। बूथ अध्यक्ष संगठन की रीढ़ हैं, इसलिए उनके साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करना जरूरी है।

कहा कि दिनांक 22 नवम्बर को समाजवादी पाटी के संस्थापकध संरक्षक स्व0 मुलायम सिंह यादव जी का जयंती समरोह पार्टी कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर होगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व रक्तदान शिविर के अलावा अस्पताल में मरीजो को फल वितरण किया जायेगां। अधिक से अधिक संख्या में भाग ले।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष रामजी मौर्या, अभय यादव, मेवालाल प्रजापति, परवीन बानो, श्याम अचल यादव, जावेद अली, अतीक खान, धर्मेन्द्र मौर्या, विशाल यादव, प्रिंस राव, कौशिक कन्नौजिया, बन्दना गुप्ता, दिव्या गुप्ता, गोविन्दा सोनकर, शुभम सिंह, आकाश बिन्द, दीनानाथ प्रजापति, मनोज सोनकर, भूपेन्द्र बिन्द, विसार खान आदि मौजूद रहे।

बाबा शेरनाथ मंदिर परिसर में 23 नवंबर को होगा सामूहिक विवाह समारोह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। जनपद के लोहदी कला स्थित बाबा शेरनाथ मंदिर परिसर में आगामी 23 नवंबर 2026 समय 1रू00 बजे दोपहर को गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन सामाजिक सरोकार, मानव सेवा, सहयोग और बेटियों के सम्मान की भावना को समर्पित होगा। इस पुनीत आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न कराना है, जो आर्थिक कठिनाइयों के कारण अपनी बेटियों के विवाह की जिम्मेदारी उठाने में असमर्थ होते हैं। आयोजकों का प्रयास है कि किसी भी बेटी का विवाह आर्थिक अभाव के कारण प्रभावित न हो और प्रत्येक परिवार को समाज के बीच सम्मान एवं खुशियों के साथ अपनी बेटी का विवाह संपन्न कराने का अवसर मिले।

कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था एवं देखरेख बसंत बहार चौरिटेबल ट्रस्ट के संचालक श्याम बाबू प्रजापति एवं दिलीप सिंह गहरवार, मिर्जापुर द्वारा की जाएगी बसंत बहार चौरिटेबल ट्रस्ट के मालिक श्याम बाबू प्रजापतिने कहा कि बेटियां किसी भी परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर होती हैं। गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग करना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और मानवता की सच्ची सेवा है। समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को ऐसे पुनीत कार्यों में आगे आना चाहिए, जिससे जरूरतमंद परिवारों को सहारा मिल सके। इस आशय की जानकारी बसंत बहार चैरिटेबल ट्रस्ट के मालिक श्याम बाबू प्रजापति व दिलीप सिंह गहरवार ने संयुक्त रूप से दी।

नाबार्ड के 'नेशनवाइड ग्राम युवा शक्ति अभियान' का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी । ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमशीलता से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से यूनियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (त्म्ज्), अहिरौली, वाराणसी में नाबार्ड द्वारा प्रायोजित 'नेशनवाइड ग्राम युवा शक्ति अभियान' के प्रथम चरण का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक सोनिका राणा ने किया। इसमें अग्रणी जिला प्रबंधक अविनाश अग्रवाल, आरसेटी निदेशक अम्बरीष कुमार, जिला उद्योग केंद्र के सत्येंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों एवं सफल उद्यमियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में युवाओं को बैंक ऋण, सरकारी योजनाओं, वित्तीय साक्षरता, उद्यम स्थापना एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। सफल उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा कर युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आरसेटी से विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित 96 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। अभियान के द्वितीय चरण के लिए वाराणसी जिले से 25 उद्यम–तैयार अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। अंत में सोनिका राणा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित कर रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करना रहा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79–ए–मोतीलाल नेहरू रोड, जिला–प्रयागराज –211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79–ए–मोतीलाल नेहरू रोड, जिला–प्रयागराज –211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

हर जरूरतमंद का बनेगा आयुष्मान कार्ड– योगी



- सीएम ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं
- लोगों को दिया भरोसा, विवेकाधीन कोष से भी उपलब्ध कराएंगे सहायता राशि

लखनऊ, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता का अनुरोध लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार उपचार कराने में पूरी मदद करेगी। हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा और इसके बाद भी जरूरत पड़ी तो विवेकाधीन कोष से सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद, पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि बीमारी की स्थिति में उनका निर्बाध उपचार हो सके।शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में, महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ करीब 150 लोगों से मिले। उनके पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र अपने हाथ में लेकर उसका अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे चिंता न करें, सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने मामलों के निस्तारण के लिए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित और हस्तगत किया। निर्देशित किया कि समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में जमीन कब्जा करने से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में विधिसंगत सख्त कार्रवाई की जाए। प्रातःकाल महायोगी गुरु गोरखनाथ और अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ का आशीर्वाद लेने के बाद सीएम योगी ने मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। गोवंश को अपने हाथ से रोटी व गुड़ खिलाकर उन पर स्नेह बरसाया। उन्होंने भोलू नामके बछड़े और छुटकी नाम की बछिया को आवाज देकर बुलाया और उन्हें दुलारा। गोशाला में रोटी–गुड़ खिलाने के दौरान गोवंश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सानिध्य पाकर निकट आने के लिए उतावले होने लगे। मुख्यमंत्री ने प्यार से उन्हें समझाया, 'अपनी जगह पर ही रहो नहीं तो चोट लग जाएगी।'

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 2026 का भूमि पूजन संपन्न

लखनऊ, संवाददाता। प्रदेश के सबसे बड़े हस्तशिल्प आयोजनों में शामिल होने जा रहे 'हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 2026' का भूमि पूजन समारोह शुक्रवार को मान्यवर श्री कांशीराम जी सांस्कृतिक स्थल (स्मृति उपवन), बंगला बाजार, आशियाना में विधि–विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। भूमि पूजन का अनुष्ठान आचार्य पंडित अनुराग मिश्रा शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न कराया। इस अवसर पर महोत्सव की सफलता एवं निर्विघ्न आयोजन के लिए मंगलकामना की गई। माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 29 नवंबर 2026 से शुरू होकर 3 जनवरी 2027 तक होने वाले महोत्सव का उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्पियों, कारीगरों, लघु उद्यमियों एवं पारंपरिक कला से जुड़े लोगों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। इसके माध्यम से भारतीय हस्तशिल्प, लोककला, संस्कृति एवं स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने के साथ ही आमजन को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराया जाएगा। भूमि पूजन समारोह में महोत्सव के आयोजक एवं अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा एवं रणबीर सिंह सहित हेमू चौरसिया, मोनालिसा, रोली जायसवाल, रुद्र प्रताप बाजपेई,प्रखर सिंह, शक्ति सिंह एडवोकेट , डॉक्टर दिनेश सहगल,करणी सेवा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान, करणी सेना के प्रदेश संगठन मंत्री विकास सिंह, निलांश ग्रुप के संतोष श्रीवास्तव, मनोज सिंह चौहान, महेश सहित अनेक गणमान्य लोग एवं आयोजन से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव केवल खरीदारी और मनोरंजन का आयोजन नहीं, बल्कि देश की पारंपरिक कला, संस्कृति, हस्तकला एवं हुनर को सम्मान देने का एक बड़ा मंच है। महोत्सव के माध्यम से हस्तशिल्पियों और छोटे व्यापारियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन का अवसर मिलेगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि महोत्सव को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप देने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों की हस्तनिर्मित वस्तुएं, पारंपरिक शिल्प, कलात्मक उत्पाद और सांस्कृतिक गतिविधियां प्रमुख आकर्षण रहेंगी। भूमि पूजन समारोह के साथ ही हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 2026 के भव्य आयोजन की तैयारियों का विधिवत शुभारंभ हो गया।

जल जीवन मिशन में 15 हजार करोड़ का घोटाला :संजय सिंह

लखनऊ, संवाददाता। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने यूपी में जल जीवन मिशन के तहत हुए कामों में 15 हजार करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि गांवों तक पानी पहुंचाने की योजना के नाम पर सरकारी धन की लूट हुई। बिना काम किए करीब 15 हजार करोड़ रुपए निकाल लिए गए। संजय सिंह ने विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर सवाल उठाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों को संरक्षण दिया जा रहा है। केंद्र की जांच एजेंसियां भी मामले में चुप हैं। संजय सिंह ने कासगंज, बरेली, सीतापुर और बस्ती में पानी की टंकियां गिरने का जिक्र किया। उन्होंने खुदाई के नाम पर घोटाले और ब्लैकलिस्टेड कंपनियों से सामान खरीदने का आरोप लगाया। बरेली में टंकी बनाने वाली कंपनी को हैदराबाद में करोड़ों का टेंडर मिलने पर भी सवाल उठाए। संजय सिंह ने नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि कंपनी ने भाजपा को 60 करोड़ रुपए का चंदा दिया है। उन्होंने सवाल उठाया कि भ्रष्टाचार के आरोपों के बावजूद कंपनी को टेंडर कैसे मिल रहे हैं। उन्होंने ईडी की भूमिका पर भी सवाल उठाए। दावा किया कि 14 सितंबर को ईडी ने विभाग से भ्रष्टाचार से जुड़ी रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पूछा कि कंपनी के खिलाफ जांच आगे क्यों नहीं बढ़ी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संजय सिंह ने गोरखपुर की घटना का जिक्र करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना जताई।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम शहला फारूक (S H A H L A FAROOQUE) पुत्री मो0 फारूक (MOHD. FAROOQUE) है , जो कि मेरे शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड नंबर ** ** *2519 में मेरा नाम शहला फारूक (SHAHLA FAROOQ) पत्नी अब्दुल रहमान सिद्दीकी (ABDUL RAHMAN SIDDIQUI) अंकित हो गया है। जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम शहला फारूक (SHAHLA FAROOQUE) पत्नी अब्दुल रहमान सिद्दीकी (ABDUL RAHMAN SIDDIQUI) के नाम से जाना व पहचाना जाए। जो सत्य व सही है।

शहला फारूक पुत्री मो0 फारूक, पत्नी अब्दुल रहमान सिद्दीकी
निवासिनी पंवर थाना घूरपुर, पो. पंवर वाया जसरा,
ब्लॉक कौंधियारा, तहसील करछना जनपद
प्रयागराज (इलाहाबाद)
उत्तर प्रदेश

वीबी–जी राम जी योजना: अफसर सुनिश्चित करें कार्यो में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्ध क्रियान्वयन : केशव

पक्के कार्यो की सूची तलब, मजदूरी भुगतान में देरी बर्दाश्त नहीं



लखनऊ, संवाददाता। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वीबी–जी रामजी योजना अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक जनपद में योजना अंतर्गत कराए गए पक्के कार्यों की सूची जनपदवार तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।उन्होंने सोनभद्र के विकासखंड चोपन की ग्राम पंचायत रिजूल में अकड़ीहवा नाले पर बनाए जा रहे मृदा चेकडैम का उल्लेख करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यों से एक ओर स्थानीय श्रमिकों को गांव में ही रोजगार मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर वर्षा जल के ठहराव को बढ़ावा मिलेगा तथा मिट्टी के कटाव को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। ऐसे निर्माण कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। कार्यों के चयन से लेकर उनके क्रियान्वयन तक गुणवत्ता, पारदर्शिता और उपयोगिता का विशेष ध्यान रखा जाए। श्रमिकों को उनकी मजदूरी का भुगतान निर्धारित समयसीमा में सुनिश्चित किया जाए तथा भुगतान में देरी न होने पाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ गांवों की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत बनाने और ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता बेहतर करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। योजना के अंतर्गत मूल ग्रामीण अवसंरचना श्रेणी में पुस्तकालय भवनों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य भी अनुमन्य है। गांवों में पुस्तकालयों की स्थापना से बच्चों और युवाओं को शांत एवं अनुकूल अध्ययन का वातावरण मिलेगा। पुस्तकालय ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए ज्ञान के केंद्र बनेंगे और उनके सपनों को नई दिशा प्रदान करेंगे। ग्रामीण विकास का उद्देश्य केवल बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि गांवों को सुंदर, स्वच्छ, सुव्यवस्थित और खुशहाल बनाना भी है। इस योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत ओडवलिया, विकासखंड निचलौल महाराजगंज में पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। यह पार्क ग्रामीणों को एक सुंदर और सुविधाजनक सार्वजनिक स्थल उपलब्ध करा रहा है। श्री मौर्य ने जल संरक्षण और जल सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत जल सुरक्षा श्रेणी में फार्म तालाब, जल संचयन तालाब तथा सिंचाई कुओं जैसे कार्य भी अनुमन्य हैं। उप मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के हितों और उनकी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि योजना के अंतर्गत कार्यस्थल पर किसी दुर्घटना अथवा चोट लगने की स्थिति में श्रमिक को आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

असेम्बली इलेक्शन: हर बूथ पर 11 बाइकर और हर विधानसभा क्षेत्र में 50 इन्फ्लुएंसर

बीजेपी ने बनाया माइक्रो प्लान, तीसरी बार हुकूमत की दरकार

लखनऊ, संवाददाता। बीजेपी के दो दिनी कार्यक्रम का मकसद मिशन फतह 2027 ही था। मथुरा में बीजेपी की बैठक के बाद बीजेपी का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर 25 सूत्रीय एजेंडा तैयार हुआ है। इसके जरिए बीजेपी विधानसभा क्षेत्र से लेकर मंडल और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और माइक्रो मैनेजमेंट के जरिए आम मतदाता तक पहुंचने की तैयारी में है। बीजेपी यूपी में हैट्रिक की दरकार है, कोई चूक करने के मूड में नही है। जातीय समीकरणों की जानकारी, प्रभावशाली लोगों की पहचान, नाराज नेताओं और कार्यकर्ताओं को मनाने, लाभार्थियों से सीधा संपर्क और सोशल मीडिया के जरिए पार्टी के पक्ष में माहौल तैयार करने पर जोर है। बताते हैं कि इस एजेंडे में हर विधानसभा क्षेत्र के हर मंडल में जातियों की संख्या और उनके प्रमुख नेताओं की सूची तैयार करने से लेकर स्थानीय स्तर पर सक्रिय लोगों की पहचान करने तक के निर्देश हैं। 25 सूत्रीय एजेंडे में अहम हिस्सा विधानसभा क्षेत्र का सामाजिक और संगठनात्मक डेटा तैयार करना है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के प्रभावशाली व्यक्तियों की पहचान करेंगे। विधानसभा क्षेत्र की 100 सक्रिय महिलाओं की सूची तैयार होगी। हर मंडल से 25 सक्रिय कार्यकर्ताओं के नाम जुटाए जाएंगे। प्रत्येक बूथ से पांच सक्रिय और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की सूची बनेगी। नाराज पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से संपर्क और दूसरे दलों के नाराज कार्यकर्ताओं पर भी फोकस रहेगा। जीते और हारे ग्राम प्रधानों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों का ब्योरा भी ढूंढा जा रहा है। प्रत्येक मंडल में जातियों की संख्या और उनके प्रमुख नेताओं की सूची तैयार की जाएगी।हर विधानसभा क्षेत्र की 100 सक्रिय महिलाओं की सूची तैयार होगी।हर मंडल से 25 सक्रिय कार्यकर्ताओं के नाम चाहिये। प्रत्येक बूथ के पांच सक्रिय और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की सूची होगे।बीजेपी का एजेंडा केवल पार्टी वर्कर नही नहीं, इसमें विधानसभा क्षेत्र में रहने अलग–अलग पेशे और वर्गों के लोगों का डेटा होगा। ग्रामसभा स्तर पर सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की सूची बनेगी, जो नौकरी के लिए क्षेत्र से बाहर रहते हैं। सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारी, शिक्षक, ग्राम पंचायत अधिकारी और शिक्षण संस्थानों से जुड़े लोगों की जानकारी भी जुटाई जाएगी। सक्रिय एनजीओ और उनके स्वामित्व वाले लोगों, प्रमुख गायकों, खिलाड़ियों और अन्य ख्याति प्राप्त व्यक्तियों की पहचान की जाएगी।ठेकेदारों, कोटेदारों, किसानों, व्यापारियों और उद्योगपतियों की सूची भी होगी। मठ मंदिर और गुरुद्वारा का ब्योरा भी चाहिए। मोर्चों और प्रकोष्ठों से जुड़े कार्यकर्ताओं को सक्रिय करेगी। महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा और पिछड़ा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को ज्यादा सक्रिय करने पर जोर है। कृषि ऋण समितियों, डेयरी, सरकारी बैंकों और अन्य सहकारी संस्थाओं के सदस्यों से संपर्क करने की योजना है। बूथ स्तर पर संगठन की सक्रियता बढ़ाने के लिए प्रत्येक बूथ पर 11 मोटरसाइकिल वाले कार्यकर्ता सप्ताह में एक बार मोटरसाइकिल यात्रा निकालेंगे। लाभार्थियों के घर जाकर उनसे चाय–पानी के दौरान संवाद और संपर्क बढ़ाने का निर्देश एजेंडे है। केवल चुनाव के समय संपर्क के बजाय नियमित रूप से बूथ स्तर पर लोगों के बीच पहुंच पर बीजेपी का जोर है। दलित मतदाताओं के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए अलग रणनीति है। दलित मतदाताओं के बीच 10 नए सदस्य बनाने और अनुसूचित जाति वर्ग में नए मतदाताओं की संख्या बढ़ाने पर काम किया जाएगा। बूथ स्तर पर मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के लिए सामाजिक संपर्क योजना तैयार करने की बात कही गई है। कार्यकर्ताओं के परिवारों का मतदान दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच सुनिश्चित कराने पर खास ध्यान रहेगा। हर विधानसभा क्षेत्र से 50 सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर होंगे जो सरकार और पार्टी के पक्ष में माहौल तैयार करेंगे। मथुरा की बैठक के बाद बीजेपी माइक्रो मैनेजमेंट के जरिए विधानसभा क्षेत्र के हर वर्ग तक पहुंचने के लिए काम कर रही है।

आईपीएस जसवीर सिंह, न योगी से डरा न राजा भैया से

8 साल बाद डिमोशन के साथ बहाल

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश कैडर के सीनियर आईपीएस अफसर जसवीर सिंह फिर चर्चा में हैं। यूपीएससी यानि संघ लोक सेवा आयोग की मंजूरी मिलने के बाद 1992 बैच के आईपीएस अफसर को सस्पेंड किए जाने के 8 साल बाद फिर से बहाल कर दिया गया है। उन्हें डिमोशन के साथ बहाल किया गया है और कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है। विभागीय दंड के रूप में उनका डिमोशन कर एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस रैंक पर कर दिया गया है। इस फैसले के कारण उनके पुलिस महानिदेशक बनने की संभावना नही है। डिमोशन का आदेश उनकी रिटायरेंट से एक दिन पहले 30 जनवरी 2028 तक प्रभावी रहेगा। वह 31 जनवरी 2028 को रिटायर होंगे।जनवरी 2019 में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने पुलिस के काम करने के तरीके, एनकाउंटर नीति और अधिकारियों की तैनाती पर सवाल उठाए थे। इसके बाद शासन ने उनसे जवाब मांगा था और कुछ दिनों बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था। यूपी पुलिस के इतिहास में किसी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी की यह सबसे लंबी निलंबन अवधि है।मूल रूप से पंजाब के होशियारपुर जिले के रहने वाले आईपीएस जसवीर सिंह बेहद ईमानदार, सख्त और अनुशासित पुलिस अफसर जाने जाते हैं। पिता सेना में हवलदार थे तो बचपन से ही अनुशासन का पाठ मिला। पिता ने सिखाया था कि बेटा गोली खा लेना पर घूस कभी नहीं खाना।

संक्षिप्त

लोहे के पोल से लटका मिला बैंककर्मी का शव

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी के महिंगवां थाना क्षेत्र के इंदारा गांव में 55 वर्षीय बैंककर्मी अशोक मिश्रा का शव घर के पीछे टीनशेड के लोहे के पोल से लटका मिला। शव कपड़े के फंदे से लटका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अशोक मिश्रा, हृदय नारायण मिश्रा के बेटे थे। वह माल थाना क्षेत्र के नवी पनाह स्थित आर्यावर्त बैंक में संविदाकर्मी के तौर पर काम करते थे। शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे परिजनों ने घर के पीछे उनका शव लटका देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग मौके पर जुट गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से जानकारी ली। शुरुआती जांच में फांसी लगाकर जान देने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। अशोक मिश्रा के परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सपा मुख्यालय के बाहर लगी होर्डिंग, 'जो भाजपा के साथ है वह दलित के खिलाफ है'

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी में समाजवादी पार्टी के कार्यालय के बाहर होर्डिंग लगाई गई है। इसमें भाजपा की लाठी के मुकाबले सपा के लैपटॉप को आगे रखते हुए सरकार पर निशाना साधा गया है। होर्डिंग में लिखा गया है कि लाठी हारेगी, लैपटॉप जीतेगा। इसके आगे 'जो भाजपा के साथ है वह दलित के खिलाफ है' लिखा गया है। यह होर्डिंग सपा नेता प्रवेश यादव ने लगवाई है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। होर्डिंग पर लिखा है–लाठी हारेगी, लैपटॉप जीतेगा। जो भाजपा के साथ है, वह दलित के खिलाफ है। इसके जरिए सपा ने अपनी पहले की सरकार में बांटे गए लैपटॉप और मौजूदा सरकार की नीतियों को लेकर राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है। इस संबंध में प्रवेश यादव ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो लैपटॉप बांटे थे, 10 साल बाद भी चल रहे हैं। जिन युवाओं को लैपटॉप मिले थे, उन्होंने पहले उनसे शिक्षा हासिल की और अब उसी के जरिए रोजगार भी कर रहे हैं। मौजूदा सरकार की ओर से बांटे गए टैबलेट की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए प्रवेश ने कहा कि उनकी गुणवत्ता बेहद खराब है। थोड़ी देर इस्तेमाल करने पर ही टैबलेट गर्म होने लगता है। प्रवेश यादव ने कहा कि अखिलेश यादव दूरदर्शी सोच रखते थे। उन्हें पता था कि आने वाला समय डिजिटल तकनीक का है और लैपटॉप युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार तोड़ने की बात करती है, इसलिए होर्डिंग में भाजपा को लाठी से जोड़कर संदेश दिया गया है।

दिन में तेज धूप खिली,कल बारिश के आसार

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी में शुक्रवार सुबह हल्की धुंध के बाद मौसम साफ हो गया। दिन में तेज धूप खिली रही। मौसम विभाग के अनुसार, आज अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। गुरुवार को भी अधिकतम तापमान 28 और न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस बीच शहर की हवा की गुणवत्ता में गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार सुबह छह मॉनिटरिंग स्टेशनों का औसत एक्यूआई 168 रहा। गुरुवार शाम पांच बजे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों में औसत एक्यूआई 154 दर्ज किया गया था। यानी एक दिन में एक्यूआई में 14 अंकों की बढ़ोतरी हुई है। शहर के ज्यादातर इलाके यलो जोन में हैं। केंद्रीय विद्यालय अलीगंज का एक्यूआई 217 दर्ज किया गया, जो ऑरेंज जोन में है। वहीं, कुकरैल पिकनिक स्पॉट–1 में एक्यूआई 80 रहा। यहां हवा सबसे साफ और ग्रीन जोन में दर्ज की गई। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान अकवान का असर लखनऊ के मौसम पर पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 22 नवंबर को शहर के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने का अनुमान है। इससे ठंड बढ़ेगी। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद ठंडी और शुष्क उत्तर–पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। इनके कारण पिछले 72 घंटों में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में दिन और रात के तापमान में 3 से 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। हवा में नमी कम होने से सुबह के घने कोहरे से भी राहत मिली है।

पीएम नरेंद्र मोदी आज लखनऊ में, कौशल दीक्षांत समारोह में होंगे चीफ गेस्ट

लखनऊ, संवाददाता। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 नवम्बर को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले कौशल दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी युवाओं को सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिलेगी।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कौशल विकास और रोजगार सृजन के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है, जिसे लेकर प्रदेशवासियों में अपार उत्साह है।

दिसंबर में लखनऊ आएगा चुनाव आयोग, मंडलवार समीक्षा के बाद होगी अंतिम बैठक

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव–2027 को लेकर निर्वाचन आयोग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनावी तैयारियों की चरणबद्ध समीक्षा के बाद दिसंबर में भारत निर्वाचन आयोग का पूर्ण आयोग लखनऊ आयेगा। आयोग के सदस्य प्रदेश के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनावी तैयारियों की अंतिम समीक्षा करेंगे। निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंडलवार समीक्षा शुरू कर दी है। 19 नवंबर को वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग नर आगरा में पांच मंडलों के 21 जिलों की समीक्षा की।इससे पहले मेरठ में चार मंडलों के 18 जिलों की तैयारियों की समीक्षा हो चुकी है। अब गोरखपुर और लखनऊ में भी समीक्षा बैठकें होनी हैं।इन चरणों के प बाद दिसंबर में आयोग का पूर्ण आयोग लखनऊ आकर प्रदेश की तैयारियों का जायजा लेगा।

ऐतिहासिक एवं पौराणिक 'भारतभारी मेले' का भव्य शुभारंभ

डीएम ने पूजा-अर्चना कर किया उद्घाटन



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगरः जनपद के ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व वाले प्रसिद्ध 'भारतभारी मेले' का आज जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने फीता काटकर और शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर भव्य शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर उपजिलाधिकारी डुमरियागंज विवेकानंद मिश्र ने जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ (बुके) एवं भगवान श्रीराम का चित्र भेंट कर उनका स्वागत किया, वहीं नगर पंचायत भारतभारी के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा तथा नगर पंचायत बढ़नी चाफा के अध्यक्ष धर्मराज वर्मा ने भी सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। मेले के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने कहा कि भारतभारी का अपना विशेष ऐतिहासिक, धार्मिक और पौराणिक महत्व है तथा यह स्थल आस्था और सांस्कृतिक विरासत का एक प्रमुख केंद्र है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और दर्शकों की सुविधा, सुरक्षा तथा सुगम आवागमन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मेले को सुव्यवस्थित ढंग से संपनन करने के लिए प्रशासन, पुलिस विभाग और नगर पंचायत की ओर से सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश और यातायात के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने आयोजन समिति द्वारा आमंत्रित किए जाने पर आभार भी व्यक्त किया। संबोधन के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित जनसमूह से महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियानों में सहभागिता की अपील करते हुए जानकारी दी कि देश में 15 वर्षों के अंतराल के बाद भारत की जनगणना 2027 का कार्य चल रहा है। इसके तहत 16 नवम्बर से 30 नवम्बर 2026 तक 'स्वगणना' का कार्य चलेगा, जिसके पश्चात 01 दिसम्बर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर गणना करेंगे, इसलिए सभी नागरिक स्वगणना अवश्य करें। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 17 नवम्बर से विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान भी शुरू हो चुका है, अतः 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी युवा फॉर्म-06 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं और देश के विकास में अपना योगदान दें। इससे पूर्व उपजिलाधिकारी डुमरियागंज विवेकानंद मिश्र ने अपने स्वागत संबोधन में जिलाधिकारी एवं समस्त जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। इस अवसर पर पर्यटन विकास समिति के सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश कुमार पाण्डेय, तहसीलदार अभिषेक कुमार, अधिशासी अधिकारी राजन गुप्ता, कानूनगो रमेश चंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

डीएम ने राजकीय धान क्रय केंद्र जोगिया द्वितीय का किया औचक निरीक्षण; लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर : जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने आज राजकीय धान क्रय केंद्र जोगिया द्वितीय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी से केंद्र पर हो रही धान खरीद की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की, जिस पर अधिकारी द्वारा बताया गया कि केंद्र पर सुचारू रूप से धान की खरीद की जा रही है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के सभी धान क्रय केंद्रों पर नियमित खरीद सुनिश्चित कराई जाए और प्रत्येक केंद्र प्रभारी प्रतिदिन प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष खरीदारी करें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने किसानों को समय से भुगतान करने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी केंद्र प्रभारी की शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी रमेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



मनरेगा कर्मचारियों ने दिया ज्ञापन, काम बंद करने की घोषणा

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस



पचपेड़वा(बलरामपुर)- ग्राम रोजगार सेवक और मनरेगा कर्मचारियों ने 21 नवंबर से ग्राम पंचायत, ब्लॉक और जिला कार्यालयों में काम बंद करने की घोषणा की है। यह निणच्य उत्तर प्रदेश संविदा ग्राम रोजगार सेवक संघ ने लिया है, जबकि लखनऊ में अनिश्चितकालीन धरना पहले जारी है।लंबित मानदेय और अन्य मांगेंः प्रदेश के विभिनन हिस्सों में मनरेगा कमिच्यों द्वारा मानदेय भुगतान, नियमितीकरण और अन्य मांगों को लेकर समय-समय पर ज्ञापन सौंपे जाते रहे हैं।प्रमुख मांगों को लेकर कार्य बहिष्कारः मानदेय बढ़ोत्तरी,नियमितीकरण,मजदूरी भुगतान ,मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम,नेटवर्क समस्या।

हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता, वांछित अभियुक्त चाकू के साथ गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

खड्डा, कुशीनगर। थाना खड्डा पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित कई गंभीर धाराओं में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का चाकू भी बरामद किया गया है।पुलिस के अनुसार थाना खड्डा पर मु0अ0सं0 275/2026 धारा 191(2)/191(3)/115(2)/109(1)/352/351(3)/3(5) बीएनएस व 3(2)ः एससी / एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत था। इस मामले में पुलिस ने आज दिनांक 20.11.2026 को अभियुक्त अयान शाह पुत्र निसार अहमद निवासी वार्ड नं0-10 शास्त्रीनगर, नगर पंचायत खड्डा को गिरफ्तार किया।उल्लेखनीय है कि इसी मुकदमे में दिनांक 19.11.2026 को 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब चौथे अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर रही है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ0नि0 संतराज यादव, उ0नि0 शशांक शेखर राय, का0 सोनू कुमार यादव, का0 रोशन राय और म0का0 स्वाती पटेल शामिल रहीं।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत 21, 22, 28 एवं 29 नवंबर को आयोजित होंगे विशेष अभियान

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 17 नवंबर 2026 को कर दिया गया है। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 17 नवंबर 2026 से 16 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी तथा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक 04 जनवरी 2027 को किया जाएगा।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 कार्यक्रम के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में चार विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की गई हैं। इसके अंतर्गत दिनांक 21 नवंबर 2026 (शनिवार), 22 नवंबर 2026 (रविवार), 28 नवंबर 2026 (शनिवार) तथा 29 नवंबर 2026 (रविवार) को विशेष अभियान आयोजित किए जाएंगे।विशेष अभियान की निर्धारित तिथियों में बूथ लेवल अधिकारी अपने से संबंधित मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने का कार्य करेंगे।जिला निर्वाचन कार्यालय, बलरामपुर में डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर एवं हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर का टोल फ्री नंबर 1950 है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऐसे पात्र व्यक्ति जिनकी आयु दिनांक 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष या उससे अधिक की हो गई है और वे अभी भी मतदाता नहीं बने है, वे अपना नाम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जाने हेतु फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं।इसके अतिरिक्त निर्वाचक नामावली में दर्ज अशुद्ध प्रविष्टियों को शुद्ध करने तथा एक स्थान से दूसरे स्थान पर नाम स्थानांतरण हेतु फॉर्म-8 जो समुचित हो, अपने से संबंधित मतदेय स्थल पर बूथ लेवल अधिकारियों/पदाभिहित अधिकारियों, मतदाता पंजीकरण केंद्र, अपने से संबंधित तहसील एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कर सकते हैं।इसके अतिरिक्त आयोग के ण्च्ज्ै मोबाइल ऐप एवं वेबसाइट https://voters.eci.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है।जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त राजनीतिक दलों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने कार्यकर्ता/बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से पात्र व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

आयोग का उद्देश्य है कि समस्त अर्ह नागरिक निर्वाचक नामावली में पंजीकृत हो जाएं एवं निर्वाचक नामावली में दर्ज नाम, पता, आयु एवं अन्य प्रविष्टियों में विद्यमान त्रुटियों को दूर कर दिया जाए तथा कोई भी अर्ह मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में विद्यमान न रहे।

EVM को लेकर मतदाताओं की शंका दूर कर रहा प्रशासन, तहसील में लगा जागरूकता व प्रशिक्षण केंद्र



प्रातः काल एक्सप्रेस/ब्यूरो कुशीनगर

पडरौना, कुशीनगर। भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में EVM प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान शुरू हो गया है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र पडरौना-330 में भी अभियान का शुभारंभ किया गया।तहसील परिसर में EVM जागरूकता एवं प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया गया है। यहां आम लोगों को EVM की संचालन प्रक्रिया के बारे में बताया जा रहा है। मतदान में EVM के महत्व, वोट डालने की प्रक्रिया और EVM कैसे काम करती है, इस बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। आने वाले लोगों की जिज्ञासाओं का भी मौके पर ही समाधान किया जा रहा है।जागरूकता अभियान के पहले दिन SDM विवेक कुमार मिश्रा, तहसीलदार देवेन्द्र, नायब तहसीलदार राजेश और तहसील के कार्मिकों ने व्यवस्थाओं को अपनी देखरेख में सुनिश्चित किया। मतदाताओं ने काफी रुचि लेकर कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।यह कार्यक्रम निरंतर तहसील स्तर पर स्थापित EDC केंद्र पर संचालित किया जाएगा। कोई भी मतदाता तहसील में जाकर EVM चलाकर देख सकता है और अपनी शंका दूर कर सकता है।

ढेबरुआ पुलिस ने ग्राम औरहवा में महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति फेज 6.0' अभियान के तहत आज थाना ढेबरुआ की मिशन शक्ति टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम औरहवा में चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया। यह अभियान अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष ढेबरुआ चंद्रकांत पाण्डेय के नेतृत्व में संपनन हुआ।कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को पम्पलेट वितरित कर महिला अपराध, साइबर अपराध से सुरक्षा, दहेज उत्पीड़न तथा नए कानूनों के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्हें आत्मरक्षा के गुर सिखाते हुए किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता के लिए प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों–पुलिस आपातकालीन सेवा (112), वूमेन पावर लाइन (1090), मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (1076), साइबर अपराध हेल्पलाइन (1930), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098), एंबुलेंस सेवा (108) तथा स्वास्थ्य सेवा (102)–का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से सरकार की विभिनन कल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बहू सम्मेलन अभियान और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लाभों की भी जानकारी दी गई। जागरूकता अभियान में मिशन शक्ति टीम से हेड कांस्टेबल दहारी यादव, कांस्टेबल बृजेश कुमार गौतम एवं महिला आरक्षी लक्ष्मी शामिल रहीं।



राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय विशुनपुर विश्राम मेंछात्र संसद चुनाव संपन्न

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

पचपेड़वा(बलरामपुर)- जनपद में जनजाति विकास, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, विशुनपुर विश्राम में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से छात्र संसद चुनाव का सफल आयोजन किया गया।

विद्यालय में छात्र संसद के गठन हेतु विभिनन पदों पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से चुनाव संपनन कराया गया। चुनाव के अंतर्गत प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री, हाउस कैप्टन एवं वाइस कैप्टन के पदों के लिए विद्यार्थिच्यों ने मतदान किया। चुनाव प्रक्रिया विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं जॉइंट मजिस्ट्रेट, बलरामपुर की गरिमामयी उपस्थिति में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपनन हुई।



छात्र संसद चुनाव में विभिन्न पदों पर विद्यार्थिच्यों ने प्राप्त की विजय

छात्र संसद चुनाव के घोषित परिणामों के अनुसार प्रधानमंत्री पद पर कु0 अमृता (कक्षा-12) तथा उप प्रधानमंत्री पद पर कु0 खुशबू (कक्षा-10) निर्वाचित हुईं।इसी प्रकार हाउस कैप्टन के पद पर कु0 ऋचा, कु0 अनुराधा, कु0 पिंकी एवं कु0 रुक्मिणी तथा वाइस कैप्टन के पद पर कु0 सन्ध्या, कु0 अनुराधा, कु0 रुक्मिणी एवं कु0 कनिया हड़मुन ने विजय प्राप्त की।

नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बैज लगाकर किया गया सम्मानित

छात्र संसद चुनाव के अंतर्गत मतदान एवं मतगणना का कार्य सफलतापूर्वक संपनन कराया गया। चुनाव परिणाम घोषित होने के उपरांत सभी विजयी छात्र प्रतिनिधियों को बैज लगाकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें उनके नए दायित्वों के सफल निर्वहन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। छात्र संसद के गठन के माध्यम से विद्यार्थिच्यों को लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया में सहभागिता करने तथा प्रतिनिधित्व एवं नेतृत्व के महत्व को समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

आईएसएस / बीडीओ गैसड़ी शिवांश सुभाष जागाड़े ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिया महत्वपूर्ण मार्गदर्शन

कार्यक्रम के दौरान जॉइंट मजिस्ट्रेट, बलरामपुर ने नवनिर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उनके कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों के निर्वहन के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।उन्होंने छात्र-छात्राओं को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, ईमानदारी एवं विद्यालय की व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने तथा विद्यालय की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने में सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

छात्र संसद चुनाव से विद्यार्थिच्यों में विकसित होगी लोकतांत्रिक एवं प्रशासनिक समझ

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी विजयी छात्र प्रतिनिधियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के चुनावों से विद्यार्थिच्यों में लोकतांत्रिक मूल्यों एवं प्रशासनिक समझ का विकास होता है।उन्होंने कहा कि छात्र संसद जैसी गतिविधियां विद्यार्थिच्यों को नेतृत्व करने, सामूहिक निणच्य लेने तथा अपने दायित्वों को समझने का अवसर प्रदान करती हैं। इससे विद्यार्थिच्यों में अनुशासन, जिम्मेदारी एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति जागरूकता विकसित होती है।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पडरौना में काशी की गंगा आरती का दिव्य नजारा, दीपों की रोशनी और शंखनाद से गूंजा छठ घाट

मंत्रोच्चार, शंखनाद और हजारों दीपों से जगमगाया पडरौना, गंगा आरती में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, सामाजिक एकता का अद्भुत संगम, हजारों श्रद्धालु बने साक्षी

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। दीपों की जगमगाहट, शंखनाद की गूंज, घंटियों की मधुर ध्वनि और काशी से आए विद्वान आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पडरौना का महंत दिग्विजयनाथ छठ घाट आध्यात्मिक आभा से आलोकित हो उठा।बालगंगाधर तिलक नगर वार्ड स्थित श्रीचित्रगुप्त मंदिर के सामने नवनिर्मित छठ घाट पर आयोजित भव्य श्री गंगा आरती एवं भजन संध्या में आस्था, संस्कृति और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। काशी की तर्ज पर हुई सामूहिक आरती ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से अभिभूत कर दिया।

नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल एवं पूर्वांचल महोत्सव के अध्यक्ष विनय राय के संयुक्त संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े। काशी से आए विद्वान आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विधि-विधान से मां गंगा की आरती संपनन कराई। आरती के दौरान दीपों की अलौकिक छटा और मंत्रों की गूंज से पूरा घाट भक्तिमय हो उठा। वहीं भजन संध्या में प्रस्तुत भक्ति गीतों ने देर तक श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर रखा।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी कुशीनगर अपनी धर्मपतनी के साथ शामिल हुए। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को अपनी परंपराओं और आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे आयोजन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और जनभागीदारी को मजबूत करते हैं।





पालिकाध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि पडरौना की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को नई ऊंचाई देना उनका निरंतर प्रयास है। नगर के धार्मिक स्थलों और घाटों को आकर्षक स्वरूप देने के साथ ही ऐसी परंपराओं को विकसित करना जरूरी है, जिससे नई पीढ़ी अपनी सनातन संस्कृति और विरासत से जुड़ी रहे। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की आस्था और सहभागिता ही इन आयोजनों की वास्तविक ताकत है।

पूर्वांचल महोत्सव के अध्यक्ष विनय राय ने कहा कि पूर्वांचल की पहचान उसकी समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत से है। गंगा आरती और भजन संध्या जैसे आयोजन सनातन परंपराओं को जीवंत रखने के साथ समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं। पडरौना सहित पूरे पूर्वांचल में ऐसे आयोजनों को विस्तार देना उनका प्रयास है।

इस दौरान एसडीएम सदर विवेक मिश्र, अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल, एडवोकेट अरविंदन कुशवाहा, सुनील चौहान, गिरजाशंकर पाण्डेय, मृत्युंजय दीक्षित, प्रियम द्विवेदी, आकाश वर्मा, मंथन सिंह, अंकित अग्रवाल, अभय मारोदिया, कुंदन सिंह, सचिन साहा, सिद्धार्थ जायसवाल, प्रमोद पाण्डेय सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

दो दिनों में दो घाटों पर गंगा आरती, धार्मिक पर्यटन को नई उम्मीद

गौरतलब है कि महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज छठ घाट पर इस आयोजन से महज दो दिन पूर्व नगर की मानस कॉलोनी स्थित श्री बुढ़िया माता मंदिर छठ घाट पर भी विनय जायसवाल और विनय राय के संयुक्त प्रयासों से भव्य गंगा आरती एवं भजन संध्या आयोजित की गई थी। वहां भी काशी के विद्वान आचार्यों ने पारंपरिक विधि-विधान से आरती संपनन कराई थी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए थे।लगातार दो प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भव्य गंगा आरती के आयोजनों ने पडरौना में धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को नई गति देने के साथ धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं को भी मजबूती दी है।

जिलाधिकारी ने ईवीएम व वीवीपैट के बारे में दी जानकारी

प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का किया शुभारंभ

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर में ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली से अवगत कराने तथा मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर में यह जागरूकता कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः



10 बजे से सायं 5 बजे तक संचालित रहेगा। इसके साथ ही जनपद की सभी तहसीलों में भी ईवीएम प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम जारी है, जहां आमजन को ईवीएम के माध्यम से मतदान करने की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। जिलाधिकारी ने वीवीपैट (वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह ईवीएम से जुड़ी एक ऐसी व्यवस्था है, जिसके माध्यम से मतदाता अपने द्वारा डाले गए वोट का सत्यापन कर सकते हैं। वीवीपैट मशीन में मतदान के तुरंत बाद एक मुद्रित पर्ची दिखाई देती है, जिस पर मतदाता द्वारा चुने गए प्रत्याशी का क्रमांक, नाम एवं चुनाव चिह्न अंकित होता है। यह पर्ची लगभग 7 सेकंड तक पारदर्शी खिड़की में दिखाई देती है, जिससे मतदाता यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि उनका मत उनके द्वारा चुने गए प्रत्याशी को ही गया है। कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी न्यायिक राकेश, उपजिलाधिकारी न्यायिक श्वेता तिवारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सहित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने महिलाओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुना

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए विकास भवन स्थित ऑडिटोरियम में महिला जनसुनवाई करते हुए पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान 16 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें सबसे ज्यादा पेंशन से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त प्रकरणों का 15 दिन के अंदर निस्तारण किया जाए। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं/ शिकायतों से रुबरू होते हुए कहा कि समस्याओं से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित न्याय देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान



चलाया जा रहा है जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके हक के प्रति सजग किया जा सके और उन्हें सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों का भी दायित्व बनता है कि वे महिलाओं एवं बालिकाओं की छोटी-बड़ी शिकायतों को गम्भीरता से लें और त्वरित कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाना सुनिश्चित करें, जिससे समस्याओं से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को न्याय के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े और उनका मान-सम्मान प्रत्येक दशा में कायम रहे। उक्त अवसर पर सीओ जसवन्तनगर आयुषी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल, परियोजना अधिकारी यूपीनेड प्रिया शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं पीड़ित महिलाएं आदि उपस्थित रहे।

रेलवे ट्रैक पर मिले दो अज्ञात यात्रियों के शव, एक की जेब से मिला नेपाली नागरिकता प्रमाण पत्र, दूसरे की नहीं हुई शिनाख्त

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर पाता और अछल्दा स्टेशन के बीच अलग-अलग स्थानों पर दो अज्ञात व्यक्तियों के शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर थाना प्रभारी जीतमल चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस के अनुसार, रेलवे ट्रैक के किलोमीटर संख्या 1112/03 और 1112/10 पर मिले दोनों शवों में एक की उम्र करीब 28 वर्ष थी। उसकी जेब से नेपाली नागरिकता प्रमाण पत्र मिला, जबकि दूसरे मृतक की उम्र करीब 31 वर्ष बताई गई है। उसके पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला है जिसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है, और विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

टीबी मुक्त भारत के लिए युवाओं ने घर-घर पहुंचकर किया जागरूक



प्रातः काल एक्सप्रेस

जसवंतनगर/इटावा। टीबी मुक्त अभियान के तहत माय भारत इटावा की ओर से तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत धरबार सहित अन्य गांवों में डोर-टू-डोर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। माय भारत इटावा की उपनिदेशक सोनिका चंद्रा के निर्देशन में आयोजित अभियान के दौरान युवाओं ने घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों को क्षय रोग (टीबी) के लक्षण, बचाव, समय पर जांच और उपचार की जानकारी दी। युवाओं ने ग्रामीणों को बताया कि टीबी का समय पर पता चलने और नियमित उपचार से इस बीमारी को हराया जा सकता है। उन्होंने लोगों से बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर जांच कराने तथा उपचार बीच में न छोड़ने की अपील की। साथ ही टीबी मुक्त समाज के निर्माण में जनसहभागिता का आह्वान किया। अभियान में युवा मंडल अध्यक्ष ऋषभ पाठक, नीरज, शिवेक कुमार, पीयूष, विनायक, आयुष, अभिषेक सहित यूथ क्लब नगला तौर के अन्य सदस्य शामिल रहे। ग्रामीणों ने माय भारत और यूथ क्लब के इस प्रयास की सराहना की। टीबी को हराना है, देश को स्वस्थ बनाना है। खांसी को नजरअंदाज न करें, समय पर जांच जरूर करें। टीबी लाइलाज नहीं, समय पर इलाज जरूरी है। दवा पूरी खाएं, टीबी को दूर भगाएं। जन-जन का यही संदेश, टीबी मुक्त हो अपना देश।

लंबित मांगों पर कार्रवाई न होने से रोजगार सेवकों में आक्रोश, कार्य बहिष्कार और आंदोलन की चेतावनी

मांगों को लेकर खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। जनपद के विकास खंड अजीतमल में अपनी लंबित मांगों को लेकर ग्राम रोजगार सेवकों ने कार्य बहिष्कार कर आंदोलन की चेतावनी दी है। लंबे समय से लंबित मांगों पर शासन-प्रशासन स्तर से अपेक्षित कार्रवाई न होने के विरोध में रोजगार सेवकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। अपनी विभिन्न मांगों के समाधान को लेकर रोजगार सेवकों ने आंदोलन तेज करने का निणय्र लिया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो वे कार्य बहिष्कार करने के साथ विधानसभा घेराव करने के लिए मजबूर होंगे।रोजगार सेवकों का



कहना है कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में लगातार अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। इसके बावजूद उनकी समस्याओं और मांगों के समाधान की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लंबे समय से मांगें लंबित होने के कारण रोजगार सेवकों में रोष व्याप्त है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि रोजगार सेवकों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कर उन्हें राहत दी जानी चाहिए। बार-बार मांग और ज्ञापन दिए जाने के बावजूद यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलनात्मक कदम उठाएगा।

रोजगार सेवकों ने स्पष्ट किया कि मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। पहले कार्य बहिष्कार किया जाएगा और इसके बाद भी सरकार द्वारा उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ी संख्या में रोजगार सेवक राजधानी पहुंचकर विधानसभा का घेराव करेंगे।? इस मौके पर सतीश बाबू, प्रमोद कुमार, शशिकांत, संगीता देवी, विजय प्रताप, राकेश कुमार, शैलेंद्र सिंह, संतोषी देवी, अरुण कुमार सहित भारी संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे।

कारखाने में चोरों का धावा, दो गोलकों को बनाया निशाना, ढाई लाख रुपये चोरी

रात के अंधेरे में वारदात को दिया अंजाम, कारखाने में सो रहे 76 वर्षीय बुजुर्ग को नहीं लगी भनक

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमावता में चोरों ने रात में एक आटा चक्की कारखाने को निशाना बनाते हुए दो गोलकों (गल्लों) में रखी करीब ढाई लाख रुपये की नकदी पार कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। चोरी की वारदात ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, ग्राम अमावता निवासी शिवेंद्र सिंह पुत्र महावीर सिंह का आटा चक्की कारखाना जियो टावर के पास स्थित है। अज्ञात चोरों ने रात में अंधेरे का फायदा उठाकर कारखाने में रखे दो गोलकों को निशाना बनाया और उनमें रखी करीब ढाई लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। घटना के समय करीब 76 वर्षीय महावीर सिंह कारखाने में ही सो रहे थे, लेकिन उन्हें चोरी की भनक तक नहीं लगी।सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी विजय बहादुर वर्मा ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। जांच के आधार पर उचित कार्रवाई कर घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

ईवीएम-वीवीपैट की बारीकियां सीखेंगे मास्टर ट्रेनर, डीएम ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर दिया जोर

प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु बनाने के लिए बुधवार को अटल सभागार में ईवीएम-वीवीपैट प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुए प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन व्यवस्था में मास्टर ट्रेनरों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्हें ईवीएम और वीवीपैट के संचालन एवं कार्यप्रणाली की पूरी जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे आगे मतदान कार्मिकों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित कर सकें। प्रशिक्षण में बताई गई प्रत्येक जानकारी को गंभीरता से समझने और तकनीकी दक्षता हासिल करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ मनीष चंद्रा ने ईवीएम-वीवीपैट के संचालन, मतदान प्रक्रिया में उनकी उपयोगिता और तकनीकी बारीकियों से संबंधित जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनरों को व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से मशीनों की कार्यप्रणाली समझाई गई, जिससे निर्वाचन के दौरान किसी भी तकनीकी समस्या का प्रभावी ढंग से समाधान किया जा सके। इस दौरान प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित कुमार, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ मनीष चंद्रा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



बाजारों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस ने व्यापारियों के साथ की गोष्ठी

एसपी सिटी ने सुनीं व्यापारियों की समस्याएं

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। जनपद में बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था, कानून व्यवस्था और यातायात को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक नगर बबीता सिंह ने की।गोष्ठी में एसपी सिटी ने व्यापारियों से बाजारों में लगने वाली भीड़ और दुकानदारों द्वारा सड़कों पर सामान रखे जाने से उत्पन्न होने वाली यातायात संबंधी समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने व्यापारियों से आपसी समन्वय बनाकर यातायात व्यवस्था सुचारू रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।इस दौरान व्यापारियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। एसपी सिटी ने समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही व्यापारियों एवं उनके प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के मद्देनजर दुकानों और प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल संबंधित थाना पुलिस अथवा उच्चाधिकारियों को दें, जिससे समय रहते कार्यवाही की जा सके।

कृष्ण जन्मोत्सव लीला देख भावविभोर हुए श्रद्धालु, जयकारों से गूंजा कथा पंडाल

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। नगर पंचायत अटसू लोहिया नगर वार्ड में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास श्री गौरव कृष्णाजी महाराज ने प्रह्लाद चरित्र, वामन अवतार और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का संगीतमय प्रसंग सुनाया।उन्होंने कहा कि सच्ची श्रद्धा और अटूट विश्वास से भगवान की कृपा प्राप्त होती है। भक्त प्रह्लाद का जीवन भक्ति और विश्वास की मिसाल है। श्रीकृष्ण जन्म की लीला होते ही पूरा पंडाल 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा। बाल कृष्ण स्वरूप को पालने में विराजमान कर श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। महिलाओं ने मंगल गीत गाए, आरती हुई और प्रसाद वितरित किया।

सेंट थॉमस स्कूल में धूमधाम से मना जुबली समारोह, बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

40 वर्षों की गौरवशाली शैक्षिक यात्रा के उपलक्ष्य में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 'पुनर्विन्यास इन स्कूली' का आयोजन, मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित





प्रातःकाल एक्सप्रेस

कानपुर। सेंट थॉमस स्कूल, किदवई नगर में विद्यालय की गौरवशाली शैक्षिक यात्रा के 40 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 'जुबली 2026' के तहत दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 'पुनर्विन्यास इन स्कूली' का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सतर्कता विभाग एसएन वैभव पांडेय का विद्यालय की कनिष्ठ बालिका प्रमुख इशिता सिंह ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। समारोह के पहले दिन एलकेजी से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। नर्सरी के बच्चों ने 'मेड इन गार्डन', एलकेजी के विद्यार्थियों ने 'सीक्रेट्स ऑफ इन्चर ऑफ फन' तथा यूकेजी के बच्चों ने 'द जंगल सफारी' जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। कक्षा एक के विद्यार्थियों ने 'अवर एवरीडे हीरोज' और कक्षा दो के बच्चों ने 'स्कूल चलें हम' के माध्यम से प्रेरणादायक संदेश दिया। वहीं कक्षा तीन के विद्यार्थियों ने 'फेयरी स्टोरी' तथा कक्षा चार के बच्चों ने 'बार एंड पीस' कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया।

तेजाब हमला पीड़ितों के अधिकारों के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रजत सिंह जैन एवं सचिव आरती द्विवेदी के निर्देशानुसार कर्म क्षेत्र इण्टर कालेज में शिविर का आयोजन किया गया। कालेज के प्रधानाचार्य प्रवेंद्र सिंह की उपस्थिति में छात्राओं, महिला शिक्षको व स्टाफ को तेजाब हमला पीड़ितों के अधिकार व उनको प्रदान की जाने वाली सहायता के विषय में जानकारी दी गई। अधिकार मित्र डा. ज्योति वर्मा ने बताया कि तेजाब हमला गंभीर अपराध है। पीड़िता को निःशुल्क इलाज, मुआवजा, पुनर्वास और निःशुल्क विधिक सहायता पाने का अधिकार है। पीड़ित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से सहायता ले सकते हैं। ऐसे मामलों में तुरंत पुलिस व अस्पताल को सूचना देने और पीड़ित की मदद करने के लिए भी प्रेरित किया गया।उन्होंने 28 नवंबर को होने वाली चालान संबंधी विशेष लोक अदालत और 12 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत व नालसा टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी भी दी गई। कालेज की शिक्षिकाएं ममता शुक्ला, श्वेता आर्या, सरिता देवी समेत छात्राएं उपस्थित रहीं।



ड्रोन से होगा पहूज नदी का सर्वे, आईआईटी रुड़की तीन चरणों में तैयार करेगी रिपोर्ट

जनवरी 2027 से शुरू होगा सर्वे, पांच विभाग भी होंगे शामिल; नदी की चौड़ाई, ग्रीन बेल्ट और फ्लुड एरिया का होगा सर्वेक्षण

झांसी। पहूज नदी में बढ़ते प्रदूषण और उसके तटवर्ती क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को लेकर अब व्यापक स्तर पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। न्यायालय के सख्त रुख के बाद आईआईटी रुड़की की टीम ड्रोन के माध्यम से पहूज नदी का सर्वे करेगी। यह सर्वे तीन चरणों में पूरा किया जाएगा, जिसके आधार पर संस्थान अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। जनवरी 2027 से शुरू होने वाले इस सर्वे में आईआईटी रुड़की के साथ पांच विभाग भी शामिल होंगे। सर्वे के दौरान नदी की वास्तविक चौड़ाई, ग्रीन बेल्ट, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र (फ्लुड एरिया), नदी में मिलने वाले नाले-नालियों और उनमें गिरने वाली गंदगी का विस्तृत ब्योरा जुटाया जाएगा। यह जानकारी समाजसेवी साइमन डेनियल, नरेंद्र श्रीवास्तव, सरदार हरमन सिंह, और आरिफ ने पत्रकार वार्ता में दी।



पत्रकार वार्ता में अधिवक्ता नरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में पहूज नदी की बदहाली, प्रदूषण और अतिक्रमण को लेकर याचिका दाखिल की थी। इस मामले में न्यायालय ने 14 विभागों और संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था। इसके बावजूद केवल दो विभागों उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और सिंचाई विभाग ने ही अपना जवाब दाखिल किया, जबकि शेष विभागों और संबंधित पक्षों की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। इस पर न्यायालय ने संबंधित पक्षों के रवैये पर नाराजगी जताते हुए फटकार लगाई।उन्होंने बताया कि न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत जवाबों में भी पहूज नदी की वास्तविक चौड़ाई, ग्रीन बेल्ट की माप और फ्लुड एरिया की अधिकतम दूरी का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है। हालांकि, एक विभाग की ओर से दाखिल जवाब में यह स्वीकार किया गया है कि पहूज नदी के फ्लुड एरिया में निर्माण कार्य किए गए हैं। ऐसे में नदी की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए वैज्ञानिक तरीके से सर्वे कराया जाना बेहद जरूरी हो गया है।समाजसेवी साइमन डेनियल ने बताया कि पहूज नदी का उद्गम मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के समीप होता है। लगभग 195 किलोमीटर लंबी यह नदी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से होकर बहती है तथा आगे चलकर पचनद में मिलती है। झांसी महानगर की पेयजल आपूर्ति में पहूज नदी की लगभग 25 प्रतिशत भागीदारी है। इसके बावजूद महानगर के नाले और गंदगी सीधे नदी में गिरने से इसका पानी लगातार प्रदूषित हो रहा है। यह स्थिति महानगरवासियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर चिंता का विषय है।उन्होंने कहा कि नदी में गिरने वाले गंदे नालों के कारण पहूज का पानी दूषित हो चुका है और महानगर के लोगों को पेयजल के रूप में इसी पानी पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ऐसे में नदी को प्रदूषण मुक्त करना और उसके प्राकृतिक स्वरूप को सुरक्षित रखना बेहद आवश्यक है।साइमन डेनियल ने कहा कि आईआईटी रुड़की की ओर से ड्रोन तकनीक के माध्यम से किया जाने वाला सर्वे पहूज नदी की वास्तविक स्थिति सामने लाने में महत्वपूर्ण साबित होगा। तीन चरणों में होने वाले सर्वे में नदी के बहाव क्षेत्र, तटों पर हुए अतिक्रमण, ग्रीन बेल्ट और बाढ़ क्षेत्र की सीमाओं का वैज्ञानिक आकलन किया जाएगा। इसके अलावा नदी में मिलने वाले नालों और प्रदूषण के स्रोतों को भी चिह्नित किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि आईआईटी रुड़की की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर पहूज नदी को अतिक्रमण और प्रदूषण से मुक्त कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकेंगे।

संविधान संवाद अभियान के तहत छात्राओं को बताए संवैधानिक अधिकार और कर्तव्य

संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ कराकर संवैधानिक मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए किया प्रेरित

झांसी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित संविधान संवाद जागरूकता अभियान के अंतर्गत सूरज प्रसाद राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, झांसी में विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिविल जज (जू.डि.) नंदिनी अगिन्होत्री उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने छात्राओं एवं शिक्षकों को भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ कराया। उन्होंने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और गरिमापूर्ण जीवन जीने का



अधिकार प्रदान करता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे विद्यार्थी जीवन से ही संवैधानिक मूल्यों को अपने आचरण में आत्मसात करें।संसाधन व्यक्ति सचिन जैन ने छात्राओं को संविधान में निहित मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के साथ ही राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक आदिल जाफरी ने प्राधिकरण की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों तथा समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए संचालित विभिन्न विधिक सेवा योजनाओं की जानकारी दी।

परा-विधिक स्वयंसेवक समीरा खान ने छात्राओं को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की पात्रता के बारे में बताया। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की हेल्पलाइन संख्या 15100 की उपयोगिता समझाते हुए जरूरत पड़ने पर इसका लाभ उठाने के लिए जागरूक किया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या सुष्मिता वर्मा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समन्वयक सुमन आर्या, परा-विधिक स्वयंसेवक नेहा श्री, विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 21 नवंबर को निकलेगा भव्य नगर कीर्तन

झांसी। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिए शुक्रवार को गुरुद्वारा सिपरी बाजार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान सिख समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रकाश पर्व की श्रृंखला में शनिवार, 21 नवंबर को आज नगर में भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा।उन्होंने बताया कि शनिवार को दोपहर 4 बजे नगर कीर्तन गुरुद्वारा झोकन बाग से प्रारंभ होगा। नगर कीर्तन एलिट चौराहा, चित्रा चौराहा, गुरु नानक देव जी चौक एवं सुभाष मार्केट सहित विभिन्न मार्गों से भ्रमण करता हुआ गुरुद्वारा सिपरी बाजार पहुंचेगा। नगर कीर्तन के दौरान श्रद्धालु गुरु नानक देव जी के जयकारों के साथ भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बनाएंगे।नगर कीर्तन के गुरुद्वारा सिपरी बाजार पहुंचने के पश्चात कीर्तन दीवान सजाया जाएगा, जिसमें गुरुवाणी एवं कीर्तन के माध्यम से गुरु साहिब का गुणगान किया जाएगा। इसके उपरांत संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा।प्रेस वार्ता में देवेंद्र सिंह चावला, अमनदीप सिंह भाटिया, परमजीत सिंह (मननी), मोहन सिंह भुसारी, सतप्रीत सिंह खेरा, गुरमीत सिंह छाबड़ा, अमरजीत सिंह खनूजा, कुलबीर सिंह छाबड़ा, इंदरपाल सिंह चावला, जगजीत सिंह चावला, संतोक सिंह छाबड़ा एवं हरविंदर सिंह छाबड़ा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सनशाइन क्लब ने दीप प्रज्वलित कर महारानी लक्ष्मीबाई को दी श्रद्धांजलि

रंगोली, विद्युत सजावट और देशभक्ति गीतों से सजा आंतिया तालाब का प्रांगण

झाँसी। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर सनशाइन क्लब के तत्वावधान में क्लब अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि पार्षद लखनलाल कुशवाहा के आतिथ्य में गायत्री मंदिर के सामने आंतिया तालाब प्रांगण में श्रद्धांजलि एवं दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल को सुंदर रंगोली, आकर्षक साज-सज्जा एवं विद्युत झालरों से भव्य रूप प्रदान किया गया। वहीं साउंड सिस्टम के माध्यम से देशभक्ति के गीतों का प्रसारण किया गया, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। मुख्य अतिथि एवं क्लब के सदस्यों ने वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के चित्र के समक्ष एक-एक दीप प्रज्वलित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और नमन किया।कार्यक्रम का संयोजन आशा-डॉ. एलसी अग्रवाल एवं आंचल-अमित जैन द्वारा किया गया। इस दौरान अनुराधा गुप्ता, सुरक्षा गुप्ता, रंजना पहारिया, वंदना भटनागर, निशा श्रीवास्तव, ममता अग्रवाल, मधुलता अग्रवाल, शालिनी गुप्ता, अमित जैन, रामकुमार अग्रवाल, त्रिलोकी नाथ अग्रवाल, अरुण कुमार गुप्ता, डॉ. दीपक उपाध्याय, अरविन्द लोहिया, संजीव नायक, शरद पहारिया, पंकज अग्रवाल सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।अंत में क्लब सचिव विलास गुप्ता ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के वंशजों का झाँसी में हुआ भव्य सम्मान, डॉ. संदीप सरावगी ने किया अभिनंदन

झाँसी। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की कर्मभूमि झाँसी में उनकी जयंती के अवसर पर एक भावुक और गौरवपूर्ण क्षण देखने को मिला।



महारानी लक्ष्मीबाई के वंशज योगेश अरुण राव अपने परिवार के साथ झाँसी पहुंचे, जहां उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर इतिहास की गौरवशाली विरासत और वर्तमान पीढ़ी के बीच एक विशेष जुड़ाव देखने को मिला।

पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर एवं वर्तमान में नागपुर (महाराष्ट्र) में निवासरत योगेश अरुण राव, उनकी धर्मपत्नी प्रीति योगेश राव, पुत्र प्रियेश योगेश राव और पुत्री धनिका योगेश राव का डॉ. संदीप सरावगी द्वारा तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत पूरे परिवार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा स्मृति चिह्न के रूप में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा भेंट की गई।इस अवसर पर डॉ. संदीप सरावगी ने महारानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस, शौर्य, राष्ट्रप्रेम और सर्वोच्च बलिदान का उल्लेख करते हुए कहा कि रानी लक्ष्मीबाई केवल झाँसी की ही नहीं, बल्कि संपूर्ण देश की गौरवशाली विरासत हैं। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने, स्वाभिमान के साथ जीने और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता रहेगा। झाँसी उनकी कर्मभूमि रही है और यहां की मिट्टी में आज भी उनकी वीरता और बलिदान की गाथाएं जीवंत हैं।

वहीं महारानी लक्ष्मीबाई के वंशजों ने डॉ. संदीप सरावगी के सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समाज के लिए समर्पित भाव से कार्य करना अपने आप में सराहनीय है।

कार्यक्रम ने झाँसी की ऐतिहासिक पहचान और महारानी लक्ष्मीबाई की गौरवशाली विरासत को एक बार फिर जीवंत कर दिया। यह सम्मान समारोह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि उस महान वीरांगना के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का भावपूर्ण अवसर बना, जिनका नाम भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा।

इस अवसर पर संदीप नामदेव, भूरी देवी, नेहा, प्रमेन्द्र, बसंत गुप्ता, सुशांत गुप्ता, राजू सेन एवं धर्मेंद्र खटीक नीतू रसकेंद्र, दीपक रहीस। सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा में शामिल हुए दिग्विजय सिंह, टेकरी सरकार मंदिर में किए दर्शन

राम मंदिर के नाम पर वोट मांगने वाले मंदिर के चंदे की चोरी कर रहे हैं, उन्हें सत्ता में रहने का अधिकार नहीं : दिग्विजय सिंह

झांसी मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा ललितपुर जिले के जखौरा स्थित टेकरी सरकार मंदिर पहुंची। यहां मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव चन्द्र भूषण सिंह बुन्देला (गुड्डू राजा) के संयोजन में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य सहित कांग्रेस



नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और सनातन यात्रियों ने मंदिर में माथा टेककर दर्शन किए और यात्रा में सहभागिता की।इस अवसर पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर के नाम पर चंदे में कथित चोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि राम मंदिर के नाम पर वोट मांगने वाले ही मंदिर के चंदे की चोरी कर रहे हैं। ऐसे लोगों को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने इस मामले पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि राम मंदिर के नाम पर जनता से वोट मांगना और मंदिर के चंदे को लेकर इस तरह के आरोप सामने आना गंभीर विषय है।पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि वोट चोरी करके सत्ता हासिल करने वाली सरकार जनता के बीच अपना विश्वास खो चुकी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास सबसे महत्वपूर्ण होता है और सरकार को जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए।यात्रा में पूर्व प्रवक्ता बुंदेलखंड क्षेत्र कांग्रेस पार्टी राजेन्द्र शर्मा एडवोकेट, सामाजिक कार्यकर्ता अमित त्रिपाठी, अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष जीतू राजा श्रीवास, देवेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में सनातन यात्री एवं कांग्रेसजन शामिल रहे।

बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समिति रामनगर का भव्य शुभारंभ, विधायक राजीव सिंह पारीछा ने किसानों को बताया ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़

झाँसी । विकासखंड चिरगांव के अंतर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड रामनगर का शुभारंभ उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बबीना विधायक राजीव सिंह पारीछा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विधायक राजीव सिंह पारीछा ने कहा कि सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का सशक्त माध्यम है। ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इनके माध्यम से किसानों एवं ग्रामीण नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, कृषि सुविधाओं और आवश्यक सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति रामनगर का शुभारंभ क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे किसानों एवं ग्रामीणों को सहकारिता व्यवस्था से जुड़ने के नए अवसर मिलेंगे और उनकी आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति को गति मिलेगी।

उन्होंने समिति के पदाधिकारियों एवं संचालकों से अपेक्षा की कि वे पूरी पारदर्शिता, ईमानदारी और सेवाभाव के साथ समिति का संचालन करें, जिससे क्षेत्र के अधिक से अधिक किसानों एवं ग्रामीण परिवारों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने इस पहल के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम की अध्यक्षता जयदेव पुरोहित ने की तथा संचालन दिनेश पराशर (लाल पहाड़ी) ने किया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री विनोद नायक, ब्लॉक प्रमुख चिरगांव राजकान्तेश वर्मा, सहकारिता विभाग झाँसी के एडीओ अजय सिंह, विनोद गौतम, नरेन्द्र नायक, जिला पंचायत सदस्य गोविन्द सिंह रायकवार एवं सियाशरण यादव उपस्थित रहे।



इसके अतिरिक्त ग्राम प्रधान दबरा बुजुर्ग राहुल राजपूत, ग्राम प्रधान रिंकू दांगी, समिति सचिव कौशल चतुर्वेदी, संजय नायक, समिति डायरेक्टर रामकुमार शिवहरे एवं अवधेश पुरी सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। समिति का शुभारंभ क्षेत्र में सहकारिता व्यवस्था को मजबूत बनाने, किसानों को स्थानीय स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण विकास को नई दिशा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया।

कलमबंद हड़ताल करेंगे रोजगार सेवक, 3 दिसंबर को करेंगे विधानसभा का घेराव

झांसी। उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर शुक्रवार को विकासखंड बबीना के रोजगार सेवकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि प्रदेशभर के रोजगार सेवक 21 नवंबर से कलमबंद हड़ताल शुरू करेंगे। इसके साथ ही 3 दिसंबर को लखनऊ में विधानसभा का घेराव कर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद करेंगे।इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष महेश शुक्ला एवं जिलाध्यक्ष जीतन सिंह के नेतृत्व में रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग उठाई। ज्ञापन सौंपने वालों में धनपाल राजपूत, प्रवेश राजपूत, कालीचरण, बृजेश सिंह, बृजेंद्र सिंह सहित विकासखंड बबीना के समस्त रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत बढ़ई ट्रेड का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू, 100 कारीगर होंगे लाभान्वित

झांसी। उत्तर प्रदेश सरकार की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना (वित्तीय वर्ष 2026-27) के अंतर्गत जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र झांसी के उपायुक्त उद्योग मनीष चौधरी के मार्गदर्शन में बढ़ई ट्रेड का 10 दिवसीय कौशल विकास एवं उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम विपिन बिहारी इंटर कॉलेज में प्रारंभ हुआ। उद्यमिता विकास संस्थान, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में जनपद के 100 चयनित पारंपरिक कारीगरों को चार बैचों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्रशिक्षण समन्वयक अमित तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कारीगरों को लकड़ी की पहचान, आधुनिक औजारों का संचालन, फर्नीचर निर्माण, नए डिजाइन, पॉलिशिंग एवं फिनिशिंग की तकनीक सिखाई जा रही है। इसके साथ ही व्यवसाय पंजीकरण, लागत निर्धारण, बैंक ऋण और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है।उपायुक्त उद्योग मनीष चौधरी ने बताया कि योजना का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों के हुनर को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण पूरा करने वाले पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क टूलकिट, निर्धारित प्रोत्साहन राशि एवं कौशल प्रमाण पत्र का लाभ मिलेगा। साथ ही स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंक ऋण प्राप्त करने में भी मार्गदर्शन दिया जाएगा।प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कारीगरों में खासा उत्साह है। उनका कहना है कि आधुनिक तकनीक और नए डिजाइन सीखने से उनके काम की गुणवत्ता बढ़ेगी तथा रोजगार और आमदनी के नए अवसर मिलेंगे। यह पहल जनपद के पारंपरिक कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी।

प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन में आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक शोध की अहम भूमिका

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का समापन, भारत, अमेरिका और रूस के वैज्ञानिकों ने साझा किए शोध एवं अनुभव

झांसी। प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक अनुसंधान और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित 'प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रबंधन' विषयक दो दिवसीय चौथे अंतरराष्ट्रीय वेबिनार में देश-विदेश के वैज्ञानिकों ने आपदा प्रबंधन की चुनौतियों और उनके समाधान पर मंथन किया।भूविज्ञान विभाग की स्थापना के 27 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह वेबिनार रशियन एकेडमी ऑफ साइंसेज, रूस एवं डॉ. एस.एन. राजकीय सनतकोत्तर महाविद्यालय, कर्णप्रयाग के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ।वेबिनार के दूसरे दिन शुक्रवार को अमेरिका की सुषमा काडेल ने आधुनिक तकनीक से चट्टानों के गिरने की घटनाओं के अध्ययन, प्रो. अशोक कुमार सिंह एवं रूस के प्रो. यारोस्लाव सखारोव ने अंतरिक्ष मौसम से मानव स्वास्थ्य और तकनीकी संसाधनों को होने वाले खतरों पर प्रकाश डाला। डॉ. शांतनु सरकार, डॉ. शारदा प्रसाद प्रधान एवं डॉ. इंद्रेश के. पांडे ने हिमालयी क्षेत्रों में भूस्खलन के कारणों और प्रबंधन के उपायों की जानकारी दी।डॉ. काशिफ इमदाद ने आपदा प्रबंधन में भू-स्थानिक तकनीक, डॉ. द्रौपदी यादव ने जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न आपदाओं एवं प्रकृति आधारित समाधान, प्रो. आशा लता सिंह ने हरित प्रौद्योगिकी तथा प्रो. मीनल मिश्रा ने आपदा प्रबंधन में दूरस्थ शिक्षा की भूमिका पर विचार रखे।समापन समारोह के मुख्य अतिथि के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. सी.एस. दुबे ने प्राकृतिक आपदाओं के कारणों, प्रभावों और उनके न्यूनीकरण की रणनीतियों पर व्याख्यान दिया। वेबिनार के संयोजक एवं भूविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद कुमार सिंह ने सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। सह-संयोजक प्रो. राम औतार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। वेबिनार में देश-विदेश के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों एवं शोधार्थियों ने सहभागिता की।

डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी पुनः बने क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य

झांसी। रेल मंत्रालय, भारत सरकार के नियमानुसार रेलवे बोर्ड के निर्देश पर उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के महाप्रबंधक की संस्तुति पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी को एक बार पुनः क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज का सदस्य मनोनीत किया है।डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी को रेल सेवाओं में विशेष रुचि एवं योगदान के दृष्टिगत यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि डॉ. तिवारी जीवनधारा फाउंडेशन एवं बुंदेलखंड पर्यटन विकास एवं पुरातत्व संरक्षण समिति, झांसी मंडल के अध्यक्ष तथा इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटैक) के सदस्य है। उन्हें भारत सरकार के केंद्रीय रेल मंत्री द्वारा राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।डॉ. तिवारी इससे पूर्व लगातार तीन बार मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति, झांसी मंडल के सदस्य तथा क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इस दौरान उन्होंने रेल यात्रियों की समस्याओं, सुविधाओं एवं रेलवे के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव रेल प्रशासन के समक्ष रखे, जिनसे यात्रियों की सुविधाओं में वृद्धि करने में मदद मिली।उनके पुनः सदस्य मनोनीत होने पर इष्ट मित्रों, शुभचिंतकों एवं रेल अधिकारियों ने बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

परशुराम चौक पर दीपदान कर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ ने वीरांगना लक्ष्मीबाई को दी श्रद्धांजलि

झांसी। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के जन्मोत्सव के अवसर पर दैनिक जागरण द्वारा आयोजित दीपांजलि कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ बुंदेलखंड, झांसी के तत्वावधान में परशुराम चौक पर दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परशुराम चौक को भव्य रूप से सजाया गया तथा दीप प्रज्ज्वलित कर वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धापूर्वक दीपांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम में जनपद के वरिष्ठ विप्र बंधुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए महारानी लक्ष्मीबाई अमर रहें के गगनभेदी उद्घोष के साथ वीरांगना के शौर्य, साहस, पराक्रम और राष्ट्रप्रेम को नमन किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई का बलिदान और अदम्य साहस सदैव देश की आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा।

मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

सी एवं डी श्रेणी वालों को कार्यशैली में सुधार के निर्देश



प्राप्त काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों, कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की वर्चुअल समीक्षा बैठक हुई।बैठक में कई योजनाओं में सी-डी श्रेणी मिलने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी विभागों को रैंकिंग सुधारकर सर्वोच्च श्रेणी में लाने के निर्देश दिए।पीएम सूर्यघर योजना में बैंकर्स के साथ बैठक कर सहयोग देने, मुख्यमंत्री आवास योजना की प्रतिदिन समीक्षा, फैमिली आईडी में प्रतिदिन का लक्ष्य तय कर काम पूरा करने, गो आश्रय स्थलों में भूसा-चारा, पानी व ठंड से बचाव की व्यवस्था, आईजीआरएस प्रकरणों के समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण और पुराने राजस्व वादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी सहारनपुर अरविन्द कुमार चौहान, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर सुनील कुमार सिंह, जिलाधिकारी शामली प्रवीण वर्मा सहित मंडल व जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत तहसील बेहट में ईवीएम एवं वीवीपैट प्रदर्शन एवं जागरूकता केंद्र का शुभारम्भ



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर । मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान के निर्देशों के अनुपालन में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से सम्पनन् कराने तथा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से तहसील बेहट में ईवीएम एवं वीवीपैट (ॅ्रॅ/ॅ्रॅ्रॅ्रॅ) प्रदर्शन एवं जागरूकता केंद्र (ॅ्रॅ) का शुभारम्भ किया गया। उप जिलाधिकारी बेहट सुबोध कुमार द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए उपस्थित लोगों को मतदान की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की जानकारी होना मतदाताओं के लिए उपयोगी है। इस केंद्र के माध्यम से मतदाता स्वयं मशीनों का प्रयोग कर मतदान प्रक्रिया का अभ्यास कर सकेंगे तथा अपनी जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान प्राप्त कर सकेंगे। यह प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम 20 नवंबर से प्रारम्भ होकर विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की अधिसूचना जारी होने तक संचालित रहेगा। केंद्र पर प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रदर्शन कर मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया जाएगा।

उप जिलाधिकारी बेहट द्वारा क्षेत्र के समस्त मतदाताओं से अपील की गई कि वे तहसील स्थित प्रदर्शन एवं जागरूकता केंद्र पर पहुंचकर ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कार्यप्रणाली को समझें तथा मतदान प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करें। इस अवसर पर तहसीलदार बेहट श्री रोहित तोमर, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय चौहान एवं सचिव जगदीश प्रसाद सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने ईवीएम एवं वीवीपैट जागरूकता अभियान का किया शुभारंभ

सातों विधानसभा क्षेत्रों में चलेगा अभियान, मतदाता खुद वोट डालकर करेंगे सत्यापन



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। विधानसभा चुनाव-2027 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने ईवीएम एवं वीवीपैट जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया।निर्वाचन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट के प्रशिक्षण व प्रदर्शन कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। अभियान के तहत सातों विधानसभा क्षेत्रों व तहसीलों में मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया समझाई जाएगी। मतदाता स्वयं ईवीएम पर वोट डालकर वीवीपैट की पर्ची से अपने वोट का सत्यापन कर सकेंगे। इससे मतदान को लेकर शंका व भ्रांतियां दूर होंगी और पारदर्शिता बढ़ेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान नागरिक का अधिकार भी है और जिम्मेदारी भी। उन्होंने आमजन से अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने और दी जा रही जानकारी का लाभ उठाने की अपील की।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) लवी त्रिपाठी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रवण कुमार सहित निर्वाचन कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

थाना देवबन्द पुलिस ने चेकिंग व दबिश के दौरान 1 वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक सन्दीप बालियान के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना देवबन्द पुलिस टीम द्वारा चेकिंग व दबिश के दौरान 01 वारण्टी अभियुक्त ऋषिपाल पुत्र सीताराम निवासी ग्राम मंझौल जबरदस्तपुर थाना देवबन्द जिला सहारनपुर को सम्बन्धित परिवाद संख्या- 1317/17 धारा 138 एनआई एक्ट (मा0 न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0- 04 जनपद सहारनपुर) में ग्राम मंझौल जबरदस्तपुर से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार वारण्टी /अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

चेकिंग व दबिश के दौरान 02 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं अपर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चीमा के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना जनकपुरी पुलिस द्वारा चेकिंग व दबिश के दौरान 02 एनबीडब्लयू वारण्टी अभियुक्तगण 1. तासीन पुत्र मुखत्यार निवासी पछवा वाली मस्जिद के पास सडक दूधली थाना जनकपुरी सहारनपुर को सम्बन्धित वाद सं0- 3269/26 धारा 398/401/307/ 342 भादवि चालानी थाना जनकपुरी में सड़क दूधली से व 2. शाहरुख पुत्र मुखत्यार निवासी पछवा वाली मस्जिद के पास सडक दूधली थाना जनकपुरी सहारनपुर को संबंधित वाद सं0- 3296/26 धारा 398/401/307/342 भादवि चालानी थाना जनकपुरी में सड़क दूधली से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

जनसुनवाई को प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने की पहल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। इस दौरान आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक प्रार्थना पत्र की पर्ची (रसीद) शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे शिकायत की प्राप्ति सुनिश्चित हो सके।सहारनपुर पुलिस की प्राथमिकता आमजन की शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निस्तारण है।

मिशन शक्ति फेज-6 के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के निर्देशन में जनपद में संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाभिमान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों, महिला उत्पीड़न से बचाव तथा किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में पुलिस एवं संबंधित विभागों से सहायता प्राप्त करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर ठगी, सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों से बचाव तथा साइबर अपराध होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने के बारे में जागरूक किया गया।सहारनपुर पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न अथवा अपराध की स्थिति में बिना किसी भय के संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना देने तथा पुलिस से सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। सहारनपुर पुलिस का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाभिमान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है।

महिला ने जेठ पर लगाया मारपीट कर चोटिल करने का आरोप, दो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

प्रातः काल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के केसरिया गांव की एक महिला का आरोप है कि उसके दोनों जेठ चार दिन पहले उसके साथ मारपीट कर चोटिल कर दिया और गाली गलौच कर धमकी दे रहे थे, पीडि़ता महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के केसरिया गांव निवासी रेनू देवी पतने मुकेश ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 16 नवम्बर की शाम साढ़े सात बजे के करीब उसके दोनों जेठ घर में घुसकर लाठी डंडा से मारपीट करते हुए चोटिल कर दिया और गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने लगे , पीडि़ता के मुताबिक उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पीडि़ता महिला की शिकायत पर सैनी पुलिस ने केसरिया गांव निवासी राकेश व चंद्रराज के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

महिला ने ससुरालियों पर लगाया मारपीट कर घर से भगाने का आरोप

प्रातः काल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के खोचकीमई गांव की एक महिला का आरोप है कि उसके ससुरालीजन आएदिन उसके साथ मारपीट कर घर से भगाते है, पीडि़ता का आरोप है कि गुरुवार की दोपहर ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट कर घर से भगा दिया, पीडि़ता की शिकायत पर सैनी पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के खोचकीमई गांव निवासी कमला देवी पतने मातादिन ने शुक्रवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पति नशे की हालत में आएदिन मारपीट करता है, पीडि़ता महिला का आरोप है कि शुक्रवार की दोपहर 12 बजे के करीब उसका पति, सास व दोनों नंद उसके साथ मारपीट करने लगे और नंदोई घर से भगाने लगा , इस बात का उलाहना देने पर ससुरालीजन उसकी मां, बहन व भौजाई के साथ भी मारपीट कर धमकी देने लगे। पीडि़ता की शिकायत पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

शांति भंग की आशंका में नौ गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने विभिनन् थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की। शांति भंग की आशंका में हथगांव थाना पुलिस ने पांच और जाफरगंज पुलिस ने चार लोगों समेत कुल नौ व्यक्तियों को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 745 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा दो वाहनों को सीज किया गया और दो वाहनों से तीन हजार रुपये शमन शुल्क वसूला गया।

कार्यालय परिसर में विशालकाय अजगर देख सहमे लोग, ढाई घंटे बाद वन विभाग ने किया रेस्क्यू

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर में गुरुवार शाम केंद्रीय जल आयोग कार्यालय परिसर के पास करीब दस फीट लंबा विशालकाय अजगर दिखाई देने से हड़कंप मच गया। रिहायशी इलाके के नजदीक अजगर की मौजूदगी से आसपास के लोगों में भय और दहशत फैल गई। जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। केंद्रीय जल आयोग कार्यालय में तैनात जूनियर इंजीनियर कमल मीणा गुरुवार शाम करीब सात बजे कार्यालय पहुंचे तो परिसर के पास विशालकाय अजगर दिखाई दिया। अचानक इतने बड़े अजगर को देखकर वह भी सतर्क हो गए। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी वन विभाग के कमिऱ्यों को दी। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम रात करीब साढ़े नौ बजे मौके पर पहुंची और काफी सतर्कता के साथ अजगर को रेस्क्यू कर अपने साथ ले गई।? इस दौरान करीब ढाई घंटे तक अजगर को देखने के लिए मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। कार्यालय परिसर और आबादी के नजदीक अजगर मिलने से लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। वन विभाग की टीम के रेस्क्यू अभियान के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

राज्य महिला आयोग की सदस्या ने की महिला जनसुनवाई

प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश, बाल विवाह मुक्त भारत की दिलायी शपथ



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्या सपना कश्यप की अध्यक्षता में तहसील सदर सभागार में महिला जनसुनवाई/जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य महिलाओं को कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना, महिला उत्पीड़न की रोकथाम व त्वरित न्याय दिलाना था। जनसुनवाई में महिलाओं व बालिकाओं के अधिकारों की जानकारी दी गई और उनकी समस्याएं सुनी गईं। कुल 05 प्रकरण सुने गए, जिनमें 02 घरेलू हिंसा (महिला थाना), 02 राजस्व विभाग (जमीन से संबंधित) और 01 नगर निगम से संबंधित था। सभी प्रकरणों के त्वरित निस्तारण व फालोअप लेकर आख्या से अवगत कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।इस दौरान बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जन सामान्य को जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई। जिला प्रोबेशन कार्यालय से रूपा हरित ने महिलाओं को निराश्रित पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, कन्या सुमंगला, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उ.प्र. बाल सेवा योजना, घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज उत्पीड़न, कन्या भ्रूण हत्या व मानव तस्करी के विषय में जानकारी दी। सदस्या ने महिला कल्याण, समाज कल्याण व शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा भी की। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

खादी महोत्सव-2026 के दूसरे दिन उमड़ी खरीदारों की भीड़, ऊनी वस्त्रों की जमकर हुई बिक्री



प्रातः काल एक्सप्रेस

मीरजापुर । उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, मिर्जापुर द्वारा बी.एल.जे. ग्राउंड में आयोजित मंडल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी एवं खादी महोत्सव-2026 के दूसरे दिन भी खरीदारों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। मौसम में ठंडक बढ़ने के साथ ही ऊनी वस्त्रों की दुकानों पर विशेष रौनक रही और लोगों ने जमकर खरीदारी की।महोत्सव में प्रतिदिन आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज लोकगीत गायक कमलेश पाल एवं उनकी टीम द्वारा शानदार लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई। इसके उपरांत सुप्रसिद्ध लोकगायिका सोफिया बेगम ने अपनी मनमोहक कजरी प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उपस्थित दर्शकों ने कलाकारों की प्रस्तुतियों का आनंद लेते हुए तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। प्रदर्शनी के दूसरे दिन लगभग 10 लाख रुपये से अधिक की बिक्री दर्ज की गई। खादी वस्त्रों, ऊनी परिधानों एवं ग्रामोद्योग उत्पादों के प्रति लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। खादी महोत्सव का उद्देश्य खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों को बढ़ावा देना, स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को विपणन का अवसर उपलब्ध कराना तथा आमजन को स्वदेशी उत्पादों के प्रति प्रोत्साहित करना है। प्रदर्शनी में आगामी दिनों में भी विभिनन् सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं उत्पादों की खरीदारी का सिलसिला जारी रहेगा।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 21, 22, 28 एवं 29 नवम्बर विशेष अभियान की तिथिया निर्धारित

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि अन्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 21 नवम्बर 2026 (शनिवार), 22 नवम्बर 2026 (रविवार), 28 नवम्बर 2026 (शनिवार) एवं 29 नवम्बर 2026 (रविवार) को विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की गई हैं। विशेष अभियान के दौरान मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6 भरकर सम्बन्धित बूथ लेवल अधिकारी एवं पदाभिहित अधिकारी तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में प्राप्त किए जाएंगे एवं डुप्लीकेट/मृतक मतदाताओं के नाम अपमार्जित कराने के लिए फार्म-7 तथा निर्वाचक नामावली में किसी प्रविष्टि में संशोधन करने/मतदाता फोटो पहचान पत्र के प्रतिस्थापन/दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन करने/निवास परिवर्तन हो जाने के सम्बन्ध में एवं निवास परिवर्तन हेतु फार्म-8 भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी/पदाभिहित अधिकारी अथवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने अथवा किसी प्रकार की प्रविष्टि में संशोधन के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोग के ऐप ण्ि्ण्ि्ऊं मोबाइल ऐप एवं वेबसाइट प्लेज़ः//न्दूी-ाम्-ुदन्-ग्ह के माध्यम से भी फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 सबमिट किए जा सकते हैं। इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए जनपद स्तर पर स्थापित डिस्ट्रिक्ट कांटेक्ट सेंटर (अण्ण) के टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित विशेष अभियान दिवसों में अपने बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची का अवलोकन करें तथा आवश्यकतानुसार अपना नाम सम्मिलित कराने एवं त्रुटियों का संशोधन कराने के लिए निर्धारित प्रपत्र भरकर जमा करें, जिससे कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहें।

देवीगंज बस हादसे में महिला की मौत, मजिस्ट्रियल जांच शुरू

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। देवीगंज में रोडवेज बस की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत के मामले में मजिस्ट्रियल जांच शुरू हो गई है। उप जिला मजिस्ट्रेट सदर पिनाक पाणि द्विवेदी ने बताया कि 18 जून को बांदा डिपो की बस संख्या यूपी-78 एलएन-9644 की टक्कर से खुशबू पतने सुजान निवासी झरहा, थाना खागा की मौत हो गई थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर मामले की जांच उन्हें सौंपी गई है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि घटना से संबंधित जानकारी, साक्ष्य या बयान रखने वाले लोग 5 दिसंबर तक अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालय अवधि में उनके न्यायालय अथवा कार्यालय में लिखित या मौखिक बयान दर्ज करा सकते हैं।